
दैनिक अमन लेखनी
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



कई बिमारियों से दिलाए राहत.....




नियमित ध्यान से पाएं.......

वर्ष : 11 | अंक : 04 | लखनऊ, 20 दिसम्बर, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# मुंबई के समुद्र में बड़ा हादसा, स्पीड बोट की हुई टक्कर, मच गई चीख पुकार, 13 की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई , मुंबई में बुधवार की शाम को गेट ऑफ इंडिया से एलीफेंटा आइलैंड जा रही यात्रियों से भरी नाव यानी फेरी बोट पलट गई। ये फेरी बोट प्राइवेट कंपनी द्वारा संचालित थी, जिसकी टक्कर नौसेना की एक स्पीड बोट से हुई। इस घटना में कुल 13 लोगों की मौत हो गई है।

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में 10 यात्रियों और नेवी के तीन लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री फडणवीस की मानें तो घटना की जांच पुलिस और नेवी मिलकर करेगी। मुंबई तट पर बुधवार को हुई घातक नौका दुर्घटना के पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे नौका चालकों ने घटनास्थल पर सबसे पहले प्रतिक्रिया दी और उन्होंने इस घटना को कुछ ऐसा बताया जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। नौसेना ने बताया कि इस दुर्घटना में मरने वालों में नौसेना का एक कर्मी और नौसेना के जहाज पर सवार ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) के दो लोग शामिल हैं। मुंबई पुलिस के अनुसार, मृतकों में सात पुरुष, चार महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। चश्मदीदों की मानें तो पीड़ितों ने भी इसके कई वीडियो शेयर किए है, जिसके मुताबिक एलीफेंटा केव पर पहुंचने के लिए फेरी में सवार यात्री काफी उत्सुक थे। इसके बाद बोट और फेरी की टक्कर होती है जिससे संतुलन बिगड़ जाता है। बोट में सवार लोगों के बीच चीख पुकार मच जाती है। बोट में 20 बच्चे और बड़े लोग सवार थे। पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे नौका चालकों ने कहा कि ऐसा हादसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। बुधवार को शाम करीब 4 बजे मुंबई के करंजा के पास इंजन ट्रायल से गुजर रहे नौसेना के एक जहाज के नियंत्रण खोने और यात्री नौका नील कमल से टकराने के बाद कुल 13 लोगों की जान चली गई, जबकि अन्य को बचा लिया गया। समाचार एजेंसी पीटीआई ने मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (एमबीपीटी) की पायलट बोट पूर्वा के चालक आरिफ बामने के हवाले से बताया, ₹जब हम वहां पहुंचे तो स्थिति दुखद और पूरी तरह से अराजक थी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ रो रहे थे।₹ बामने ने बताया कि एक छोटी बच्ची पानी के फेफड़ों में चले जाने के बाद बेसुध पड़ी थी। ड्राइवर और अन्य बचावकर्मियों ने उसकी छाती पर दबाव डाला, जिससे उसे सांस लेने में मदद मिली और धीरे-धीरे उसकी सांस सामान्य हो गई।

## प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुंबई तट के पास हुई नौका दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। नौसेना ने कहा कि मुंबई तट के समीप बुधवार को नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 99 अन्य लोगों को बचा लिया गया। नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि नौसेना का पोत इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी शाम चार बजे इसने नियंत्रण खो दिया और करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गया। यह नौका यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप पर लेकर जा रही थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर उनके हवाले से एक पोस्ट में कहा, मुंबई में हुई नौका दुर्घटना दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हो जाएं। प्रभावितों को सहायता प्रदान की जा रही है।

## शाहजहांपुर में हाईवे पर कार-ट्रक भिड़ंत में पांच की मौत, 6 घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर में बेवर-पीलीभीत हाईवे पर बुधवार रात पशु से टकराकर अनियंत्रित हुई अर्टिगा कार ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दुर्घटना में कपड़ा व्यापारी उनकी पत्नी, बेटी समेत पांच की मौत हो गई। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। कार में सवार छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ये सभी लोग कांट से दिल्ली जा रहे थे। सात सीटर कार में 11 लोग सवार थे, इनमें छह बच्चे थे। इसे भी दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है। कांट के नवादा नगला बनवारी गांव निवासी रियासत अली दिल्ली में रेडीमेड कपड़े के थोक व्यापारी थे। डेढ़ माह पूर्व वह गांव आए थे।

पुलिस के अनुसार, बुधवार रात को रियासत, पत्नी आमना बेगम, बेटे सुब्हान, आमिर, बेटी खुशी व गुड़िया के साथ दिल्ली जाने के लिए घर से निकले थे। उनके साथ कासगंज के गंजडुंडवारा निवासी शालू चंद्रा, उनकी पत्नी अन्नू, छह वर्षीय बेटा अंश भी था। शालू भी दिल्ली में काम करते हैं। वह अपनी ससुराल कांट के गांव आए थे। रियासत ने रास्ते से एक महिला व उसके साथ बच्चे को भी कार में बैठाया था। वे सभी लोग रात 10.30 बजे बेवर-पीलीभीत हाईवे पर मदनापुर के बुधवाना के पास पहुंचे थे। उसी दौरान सड़क पर आए बेसहारा पशु से टकराकर अनियंत्रित हुई कार सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी।

दुर्घटना में रियासत, आमना, उनकी छह वर्षीय बेटी गुड़िया की मौके पर मौत हो गई। अन्य महिला व बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कार की गति भी अधिक होने की आशंका जताई जा रही, क्योंकि उसकी टक्कर से सड़क पर आए बेसहारा पशु की भी मौत हो गई।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c
न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 81,526.14
निफ्टी 24,641.80

## सांसदों को अनुकरणीय आचरण का प्रदर्शन करना चाहिए : धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि सांसदों को अनुकरणीय आचरण का प्रदर्शन करना चाहिए। धनखड़ की टिप्पणी उस दिन आई जब संसद परिसर में बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्य प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे के सामने आ गए तथा कथित तौर पर धक्का-मुक्की की। इसमें भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद - प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत चोटिल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। धनखड़ ने आगाह किया कि अगर संसद लोगों की समस्या का समाधान करने में विफल होकर केवल संवाद, बहस और चर्चा का केंद्र रह जाती है, तो यह अप्रासंगिक हो जाएगी और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर इसका गंभीर असर होगा। संसद परिसर में भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रवाद के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखना जरूरी है। राज्यसभा के सभापति ने कहा कि अगर राष्ट्रीय सुरक्षा या विकास के मुद्दों को राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है, तो हम संविधान की अपनी शपथ के प्रति सच्चे रहने में विफल हो जाते हैं।

## योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे, सभी पंचायतों को सीएम योगी ने दिया निर्देश

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पंचायतों की भूमिका अब पहले से अधिक महत्वपूर्ण और जवाबदेही हो गई है। रोजगार मेला, किसान विकास योजनाएं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गांवों के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए जरूरी है कि जल संचयन प्रणाली जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए ताकि पंचायतों को असली पहचान मिल सके। ये बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पंचायतों से कही।

इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंचायतों की भूमिका अब महत्वपूर्ण है। हर काम के लिए उनकी जवाबदेही तय की जाएगी। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसमें रोजगार मेले, किसान विकास योजनाएं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गांवों के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

### सीएम योगी का पंचायतों को निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायत निधि के बेहतर और सार्थक उपयोग पर जोर देते हुए ये निर्देश दिया है कि इसका लाभ सीधे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पंचायतों से वर्षा जल संचयन प्रणाली जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देने और ऐसे नए काम करने की अपील



की है जो पंचायतों को विशिष्ट पहचान दे सके। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने पंचायतों को नए और नवाचारी प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### गांवों में बनाए जाएं कम्युनिटी सेंटर

पंचायतों को प्रोत्साहित करने का मुख्य कारण ये भी है कि वे सामुदायिक शौचालयों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने गांवों में कम्युनिटी सेंटर बनाकर उसका आर्थिक रूप से उपयोग करने की भी बात कही है। इससे न केवल पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। सरकार खुद चलकर ग्रामीणों और गरीबों के पास जाएगी।

### 4 लाख से अधिक समस्याओं का हुआ समाधान

सरकार ग्राम चौपाल के रूप में यह पहल शासन और जनता के बीच विश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समस्याओं के समाधान को सरल और सुलभ बना रही है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के सभी विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी के अनुसार जनवरी 2023 से अब तक 1. 13 लाख से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है। इन चौपालों में 79 लाख से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया और 4. 42 लाख से अधिक समस्याओं का निस्तारण किया गया।

### संक्षिप्त समाचार

#### गोवा के मुख्यमंत्री ने लोगों को दी गोवा मुक्ति दिवस पर बधाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने बृहस्पतिवार को राज्य के मुक्ति दिवस पर लोगों को बधाई दी, स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को याद किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। वर्ष 1961 में पुर्तगालियों से राज्य को मुक्त कराने के लिए सशस्त्र बलों के ऑपरेशन विजय की सफलता की याद में हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए संदेश में सावंत ने कहा, मुक्ति दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। गोवा शक्तिशाली है, और अपनी सांस्कृतिक विरासत से मजबूती से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को गौरवपूर्ण तरीके से याद करें और उनके प्रति आभार व्यक्त करें।

#### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में जंगल की आग से बारूदी सुरंग में विस्फोट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे जंगल में आग लगने के कारण बृहस्पतिवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि गुरसाई, उच्चाड़ और प्रमभनार के अग्रिम इलाकों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से जंगल में आग लगी हुई है। उन्होंने बताया कि वन विभाग, अग्निशमन सेवा, पुलिस, सेना और स्थानीय लोग आग को बुझाने के प्रयास कर रहे हैं।

## धक्काकांड पर राहुल के खिलाफ एफआईआर

### धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत दर्ज हुई शिकायत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शीतकालीन सत्र शुक्रवार को समाप्त होने वाला है और कई मुद्दों पर राजनीतिक खींचतान के बीच कुछ बड़े कामकाज बाकी है। इस बीच आज संसद भवन परिसर में गहमा-गहमी वाला माहौल नजर आया। भाजपा के दो सांसद घायल हो गए, उन्होंने दावा किया कि यह कांग्रेस और विपक्षी सदस्यों के धक्का-मुक्की का नतीजा था। संसद में भारतीय जनता पार्टी के सांसदों के साथ कथित मारपीट के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के



लिए बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज पुलिस स्टेशन पहुंचे। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और उकसावे की शिकायत दर्ज कराई है। हमने मकर द्वार के बाहर आज हुई घटना का विस्तार से उल्लेख किया है, जहां एनडीए सांसद शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे... हमने धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। धारा 109 हत्या का प्रयास है, धारा 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना है। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद भवन में मुकेश राजपूत को अपने हाथों से धक्का दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी झगड़ा करने की नीयत से आए थे, हमने राहुल गांधी का रास्ता नहीं रोका। राहुल ने दोनों हाथों से मुकेश राजपूत को धक्का दिया।

संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल होने के बाद पीएम मोदी ने बीजेपी सांसद प्रताप सारंगी, मुकेश राजपूत को फोन किया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सभापति को हटाने की मांग करने वाले विपक्ष के महाभियोग नोटिस को खारिज कर दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि आप संसद टेलीविजन पर वीडियो देख सकते हैं। दुर्भाग्य से, अंबेडकर की विरासत और संविधान ही राजनीतिक रूप से युद्ध का मैदान बन गए हैं। यह दोनों पक्षों के लिए थोड़ा बेतुका होता जा रहा है। हमें आज की समस्याओं पर आगे बढ़ने की जरूरत है।

## अजित पवार एक दिन मुख्यमंत्री बनेंगे : फडणवीस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह और उपमुख्यमंत्री अजित पवार तथा एकनाथ शिंदे 24 घंटे सातों दिन पालियों में काम करेंगे। देर रात तक काम करने के लिए पहचाने जाने वाले शिंदे का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा, अजित पवार सुबह काम करेंगे, वे सुबह जल्दी उठ जाते हैं। मैं दोपहर 12 बजे से आधी रात तक काम पर रहता हूं, जबकि रात भर... आप सभी जानते हैं कि कौन (काम करता) है। वह नागपुर में मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में राज्यपाल के संयुक्त अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर विधानसभा में हुई बहस का जवाब दे रहे थे। अजित पवार का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा, आपको स्थायी उपमुख्यमंत्री कहा जाता है... लेकिन मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं... आप एक दिन मुख्यमंत्री बनेंगे। अजित पवार ने पांच दिसंबर को छठी बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लोकसभा चुनाव में अजित पवार नीत राकांपा को केवल एक सीट मिली थी।

## किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-सीधे हमारे पास आएं प्रदर्शनकारी, डल्लेवाल की सेहत पर सख्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिकित्सा जांच नहीं कराने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। पंजाब के अधिकारियों के माध्यम से किसान नेता द्वारा मुद्दे के समाधान की इच्छा जताए जाने के बाद न्यायालय ने कहा कि डल्लेवाल के ठीक होने पर अदालत उनसे बात करेगी। कोई भी किसानों को विरोध प्रदर्शन से डिगाने की कोशिश नहीं कर रहा है, केवल उनके नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि डल्लेवाल को कम से कम एक सप्ताह तक इलाज कराने के लिए राजी करें और अन्य लोग प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन



(सिद्धूपुर) के प्रवक्ता गुरदीप सिंह चहल ने कहा कि गुरुवार को डल्लेवाल की तबीयत खराब होने पर भी वह लगभग 10 मिनट तक बेहोश रहे, सरकार के सूत्रों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राज्य पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। हालाँकि, यह कोई नई बात नहीं है। पंजाब पुलिस के अधिकारी सीमा पर आंदोलनकारी किसानों के संपर्क में हैं। लेकिन डल्लेवाल दृढ़ हैं। वह कोई चिकित्सीय सहायता नहीं लेना चाहता। काफी समझाने के बाद वह कुछ दिन पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराने के लिए सहमत हुए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब सरकार ने स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला को खनौरी बॉर्डर पर जाकर डल्लेवाल को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि, हमें उम्मीद नहीं है कि बहुत कुछ बदलने वाला है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश राज्य को बल प्रयोग न करने का निर्देश देने के बारे में है। अब हम बल प्रयोग नहीं कर सकते. हम जो कुछ कर सकते हैं वह है राजी करना। लेकिन हम जानते हैं कि हमारे प्रयास पहले ही सफल नहीं हुए हैं।

## सोशल स्ट्रक्चर को ध्वस्त कर देगा, लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर बोले नितिन गडकरी, केवल मजे के लिए बच्चे पैदा न करें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह समाज के नियमों के खिलाफ हैं और इससे सामाजिक संरचना ध्वस्त हो जाएगी। एक यूट्यूब साक्षात्कार के दौरान लिव-इन रिलेशनशिप पर उनके विचारों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने टिप्पणी की कि लिव-इन रिलेशनशिप गलत थे। नितिन गडकरी ने स्वतंत्र पत्रकार समदीश भाटिया के साथ साक्षात्कार में कहा कि मैं लंदन में ब्रिटिश संसद गया जहां मैं प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री से मिला और उन्होंने पूछा कि उनके देश में सबसे बड़ा मुद्दा क्या है। मैंने गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी आदि कहा। जब मैंने उनसे वही सवाल पूछा, तो उन्होंने



कहा कि यूरोपीय देशों में सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि बहुसंख्यक युवा आबादी की शादी नहीं हो रही थी।

### लिव-इन रिलेशनशिप पर गडकरी

यह पूछे जाने पर कि इसका किसी देश पर क्या प्रभाव पड़ता है, गडकरी ने कहा कि बच्चे कैसे पैदा होंगे, उनका भविष्य क्या होगा। यदि आप सामाजिक जीवनशैली को खत्म कर देंगे, तो इसका लोगों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ेगा? भारत को अधिक या कम बच्चों की जरूरत है, इस पर मंत्री ने कहा कि यह सवाल नहीं है। यह माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे पैदा करें और उनका उचित पालन-पोषण करें। यदि आप किसी दिन कहते हैं कि आपने मनोरंजन के लिए बच्चे पैदा किए हैं और फिर बिना सोचे-समझे देखते रहें।

गडकरी ने कहा कि यह समाज स्थिर क्यों है, महिलाओं और पुरुषों का अनुपात सही है, कल अगर महिलाओं का अनुपात 1500 होगा और पुरुषों का अनुपात 1000 होगा तो हमें पुरुषों को दो पत्नियां रखने की अनुमति देनी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या आदर्श भारत में तलाक पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, गडकरी ने जवाब दिया, बिल्कुल नहीं। लेकिन लिव-इन रिलेशनशिप अच्छे नहीं हैं।

## संक्षेप

### बंद मकान का ताला तोड़ ज्वैलरी समेत हजारों रुपए नगदी चोरी

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में चोरो ने एक बंद मकान को निशाना बना ताला तोड़ घर में घुस आलमारी का लॉकर तोड़ लाखो कीमत की ज्वैलरी समेत 50 हजार रुपए नगदी चोरी कर लिए जिसकी जानकारी पीड़ित को तीन दिन पूर्व घर पहुँचने पर हुई। पीड़ित ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय थाना आशियाना पर लिखित शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर फुटेज आधार पर चोरो की तलाश में जुटी है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि विवेक कुमार अपने परिवार संग आशियाना के सेक्टर -के में रहते है। जबकि उनकी वृद्ध माँ आशियाना क्षेत्र के ही सेक्टर एम में स्थित दूसरे मकान में रहती है। पीड़ित के अनुसार इन दिनों उनकी माताजी घर पर ताला बंद कर सेक्टर के स्थित मकान में परिवार संग आकर रहने लगी।बीती 16 दिसम्बर को जब वह सेक्टर एम स्थित अपने दूसरे मकान पर गए तो देखा कि चोरो ने घर में घुस पूरा सामान अस्त व्यस्त बिखेर दिया है और उनकी माता की लोहे आलमारी का ताला तोड़ आलमारी से चांदी की खड़ाऊ, सोने के कंगन, चाँदी की सिक्के, नगद करीब 50 रुपए और अन्य सामान, बैंक की कुछ एफडी , कुछ शेयर सर्टिफिकेट चोरी कर लिए है। जिसकी शिकायत पुलिस से की है।शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है।

### अमेठी नगर पंचायत में सभासद पद के उपचुनाव में सपा के सद्दाम हुसैन जीते

अमल लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज तहसील में गुरूवार को अमेठी नगर पंचायत के वार्ड न०-11 के सभासद पद के उपचुनाव की मतगणना में सपा के सद्दाम हुसैन ने कांग्रेस के गुलाम रसूल को 189वोटो से हराकर जीत दर्ज कर सभासद निर्वाचित हुये।नवनिर्वाचित सभासद सद्दाम हुसैन को आरओ रामेश्वर प्रसाद ने एआरओ अनुपम वर्मा की मौजूदगी में जीत का प्रमाण पत्र दिया।मतगणना कक्ष से बाहर निकलते ही नवनिर्वाचित सभासद सद्दाम हुसैन का समर्थको ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने के लिये इंस्पेक्टर अमर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मुश्तैद रहे।

### वकीलों ने अमित शाह की अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

अमल लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दलितों, पिछड़ों और वंचितों के मसीहा तथा संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में मोहनलालगंज में वकीलो ने गुरूवार को जोरदार प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। इस प्रदर्शन में वकीलो ने गृहमंत्री अमित शाह से सार्वजनिक रूप से माफी मंगाने की मांग की है।

मोहनलालगंज में बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव, पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव, उपाध्यक्ष जय बिंद चौधरी, रविशंकर रावत, राज बहादुर रावत, मुन्ना लाल यादव, आशीष यादव समेत दर्जनो अधिकवक्ताओ ने अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये उनके द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी की कड़ी निंदा की।वकीलो ने गृहमंत्री से इस विवादित टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की, ताकि समाज में एकता और समानता का संदेश दिया जा सके।

### पानी की सप्लाई एक सप्ताह से ठप्प, ग्रामीण परेशान

अमन लेखनी समाचार

निगोहां।सैदापुर गांव में जलनिगम की पानी की सप्लाई बीते एक सप्ताह से बंद पड़ी है, घरो में पानी ना आने से लोगो को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणो ने जलनिगम के अफसरो से शिकायत कर पानी की सप्लाई चालू किये जाने की मांग की हैं।सजग ग्रामीणो ने सीएम हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत दर्ज करायी है।जलनिगम के एई अवधेश कुमार ने बताया बीते एक सप्ताह से सैदापुर गांव की पानी सप्लाई बंद होने की शिकायत मिली है, जल्द ही पाइप लाइन का फाल्ट खोजकर ठीक करने के बाद पानी की सप्लाई चालू की जायेगी।

## भाजपा ने हमेशा डॉ. अम्बेडकर के दृष्टिकोण को बढ़ाया - डॉ. राजेश्वर सिंह

### डॉ. राजेश्वर सिंह ने डॉ. अम्बेडकर की धरोहर के प्रति भा.ज.पा. के योगदान का बचाव किया

**कांग्रेस डॉ. अम्बेडकर के नाम का इस्तेमाल अपनी छोटी राजनीति के लिए कर रही है : डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के योगदान को सम्मानित करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की सूची प्रस्तुत की। डॉ. सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा ने हमेशा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का सम्मान किया है और उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया है।

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने भाजपा सरकारों द्वारा किए गए कुछ प्रमुख कार्यों की सूची प्रस्तुत की:**

भारत रत्नः भाजपा के समर्थन से केंद्र सरकार ने 1990 में मरणोपरांत डॉ. अम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके बाद उनकी शिक्षाओं और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कई योजनाएं बनाई गईं। अम्बेडकर के पंच तीर्थः भाजपा सरकार ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों – महू (मध्य प्रदेश), नागपुर, लोणावला, दिल्ली और मुंबई – के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे इन स्थलों पर बुनियादी ढांचे में सुधार और पर्यटन को बढ़ावा मिला है। प्रतिमाएं और स्मारकः डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में कई प्रमुख प्रतिमाएं और स्मारक स्थापित किए गए हैं, जिनमें दिल्ली का अम्बेडकर मेमोरियल और लखनऊ का स्टेचू ऑफ इक्वैलिटी शामिल हैं। अम्बेडकर फाउंडेशनः डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन को वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे उनके सामाजिक और शैक्षिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाया जा सके।स्कॉलरशिप और शैक्षिक पहलः दलित छात्रों को समान शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए अम्बेडकर राष्ट्रीय मेरिट स्कॉलरशिप योजना जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। आरक्षण नीतिः भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप दलितों और पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण नीति को बनाए रखा है। दलित प्रतिनिधित्वः भाजपा ने दलित समाज से आने वाले श्री रामनाथ कोविंद को 2017 में भारत के राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम था। सामाजिक कल्याण योजनाएंः डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर जैसी परियोजनाओं और अन्य विकास योजनाओं को अम्बेडकर के नाम से विकसित किया गया है। अम्बेडकर जयंती उत्सवः भाजपा सरकार 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाती है, इस दिन को उनकी श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।दलितों के लिए कानूनी संरक्षणः भाजपा ने एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम जैसे कानूनों को मजबूत करने का समर्थन किया है, जो दलितों को भेदभाव और हिंसा से बचाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की नियुक्तिः आदिवासी वर्ग से आने वाली माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया, जो भाजपा की एक महत्वपूर्ण पहल है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इन सभी प्रयासों के माध्यम से भाजपा सरकार ने डॉ. अम्बेडकर के प्रति अपनी श्रद्धा और उनके दृष्टिकोण को सम्मानित किया है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह वही पार्टी है जिसने बाबा साहेब को चुनाव में हरवाया और सत्ता में रहने के बावजूद उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। उन्होंने यह भी पूछा कि आज कांग्रेस किस मुँह से डॉ. अम्बेडकर के नाम का उपयोग अपनी सस्ती और दिशाहीन राजनीति के लिए कर रही है? डॉ. सिंह का यह बयान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समर्थन में आया है, जब कांग्रेस पार्टी उनकी बात को तोड़ मरोड़कर राजनीतिक रंग दिए जाने का प्रयास कर रही है।

## विस सत्र में नगर निगम जोन आठ में व्याप्त भ्रष्टाचारी का उठा मुद्दा

**गृह कर निर्धारण में गलत निर्धारण कर सरकार को पहुँचाई जा रही है वित्तीय हानि**

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ। विधान सभा सत्र के तीसरे दिन सत्र के दौरान चल रहे प्रश्न काल पहर में मोहनलालगंज सपा विधायक अमरेश रावत ने लखनऊ नगर निगम जोन आठ में व्याप्त गृह कर निर्धारण में भ्रष्टाचारी के मुद्दे को उठाया।विधायक ने उठाये गए मुद्दे पर सभापति के सामने रखा कि लखनऊ के नगर निगम के जोन-8 में तैनात अधिकारियों द्वारा गृह कर निर्धारण में गलत निर्धारण कर सरकार को वित्तीय हानि पहुंचायी जा रही है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर की गयी है परन्तु अभी तक प्रकरण में कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी है।वर्तमान में जोन-8 के अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध की गयी शिकायत की जांच जिलाधिकारी व लोकायुक्त लखनऊ के स्तर पर लम्बित है।सदन में विधायक ने यह भी कहा कि नगर निगम जोन-8 के जोनल अधिकारी का मूल पद कर अधीक्षक का है, परन्तु उन्हें मूल पद के विपरीत उच्च पद का कार्य दिया गया गया है, जो नियमों एवं पूर्व में निर्गत शासनादेशों की अवहेलना है।इस के अतिरिक्त कार्यालय जोन-8 में कर निरीक्षक, श्रेणी द्वितीय (अकेन्द्रीयित सेवा) के कार्मिक कार्यरत है, जो पूर्व में नगर निगम गोरखपुर में तैनात थे, को नियम विरूद्ध तरीके से बिना शासन से अनुमति प्राप्त किये ही, नगर निगम लखनऊ में स्थानान्तरण कर दिया गया है।विधायक ने सदन के माध्यम से जनपद लखनऊ के नगर निगम के अंतर्गत जोन-8 में तैनात जोनल अधिकारी द्वारा वित्तीय अनियमितताओं, भ्रष्टाचार की जॉच कराये जाने एवं जोन-8 में कार्यरत कर निरीक्षक, श्रेणी द्वितीय के कर्मचारियों की नियुक्ति की भी जॉच कराये जाने की मांग की है।

## ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी द्वारा ग्राम पंचायत छतौनी में इंटरलॉकिंग रोड व आरो वाटर का किया उद्घाटन

अमल लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ /जब से ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी मोहनलालगंज से ब्लॉक प्रमुख हुए हैं तब से उन्होंने विकास की ऐसी गंगा बहाई है कि हर एक गांव में कोई ना कोई कार्य करके लोगों के दिलों पर राज किया है उन्होंने या समझा है कि जीवन जीने के लिए पानी कितना जरूरी है गरीब लोगों को स्वच्छ पानी और ठंडा पानी नहीं मिल पाता है इसी कमी को दूर करने के लिए माननीय ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने ज्यादातर गांव में ठंडा वाटर कूलर लगाया है जिससे वहां के लोगों को ठंडा और स्वच्छ पानी मिल रहा है उनका उद्देश्य है कि हर गांव में एक वाटर कूलर जरूर लगाना है उन्होंने हर वर्ग के लोगों को सम्मान दिया है ऐसा आज कोई भी गांव नहीं होगा जिसमें ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने विकास ना किया हो भविष्य में यदि ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी को इससे भी ऊंचा पद प्राप्त हुआ तो उन्होंने कसम खाई है कि मैं ऐसा विकास करूंगा कि आने वाले समय में लोग विकास क्या होता है इसके बारे में जाने मेरा यह परम धर्म है कि सबका साथ सबका विकास हो इसी क्रम में ग्राम पंचायत छतौनी में ब्लॉक प्रमुख द्वारा दो इंटरलॉकिंग रोड व एक आरो वॉटर का उद्घाटन किया गांव के लोगों को कहना है कि ब्लॉक प्रमुख तो बहुत हुए हैं पर ऐसा ब्लॉक प्रमुख हमने पहली बार देखा है जिन्होंने हर गांव में विकास करना अपना परम कर्तव्य समझा है उद्घाटन में मौजूद रहे एडीओ पंचायत अशोक यादव कुमार गौरव छतौनी प्रधान भानु शंकर पूर्व प्रधान दिलीप रावत करन शुक्ला बिंदेश्वरी अभिषेक शुक्ला बिंदेश्वरी राजेश पांडे विनोद साहू


## फोन चोरी कर साइबर ठगी करने वाले तीन ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जिसमें एक बाल अपचारी पर, विधिक कार्रवाई की गई।**

**साइबर सेल और पीजीआई कोतवाली पुलिस के संयुक्त प्रयास से हुई गिरफ्तारी,**

**बाजार में चोरी किए गए कर्नल के आईफोन से हुई थी, लाखों की ठगी।**

अमल लेखनी समाचार



लखनऊ ।साइबर क्राइम सेल व थाना पीजीआई की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा, फोन चोरी कर साईबर फ्रॉड करने वाले तीनपहाड़, झारखण्ड के रहने वाले 2 शातिर अन्तर्राज्जीय ठगों को गिरफ्तार किया गया, वहीं इनके सहयोगी एक नाबालिग को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया, तथा उनके कब्जे से चोरी किये गये 07 मोबाइल फोन व 06 सिमकार्ड बरामद हुए हैं।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) शशांक सिह, ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि कर्नल संतोष कुमार मिश्रा द्वारा, बाबा भीमराव अम्बेडकर विद्याविद्यालय व साउथ सिटी के बीच लगी ,फल व सब्जी मण्डी से चोरी हुये अपने मोबाइल फोन आईफोन-13 प्रो० मैक्स कटएक 355325326875673 व उसमें पड़े मो०नं० 7042134400 के माध्यम से लिंक खातों व क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ीपूर्वक 5.5 लाख रुपये की साईबर ठगी हो जाने के सम्बन्ध में साइबर क्राइम सेल में शिकायत संख्या सीसीएन 6928/2024 को दर्ज कराया गया था।

इसी सम्बन्ध में थाना पीजीआई में मु०अ०सं० 736/2024 धारा 303(2) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था। इसके साथ ही साईबर क्राइम सेल में, फूलमण्डी चौक, बीकेटी सब्जी मण्डी विराजखण्ड सब्जी मण्डी, नक्खास बाजार तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों से, इसी प्रकार के फोन चोरी कर फोन में पड़े सिम कार्ड के माध्यम से हुये साईबर फ्रॉड के सम्बन्ध में कई अन्य शिकायतें प्राप्त हुयीं थी, जिस पर साईबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही कर, तकनीकी विश्लेषण व सर्विलांस की मदद से विवेचक के साथ अथक परिश्रम के उपरान्त, फोन चोरी कर फोन में पड़े सिम से लिंक बैंक खातों व क्रेडिट कार्ड से डिजीटल ई-वॉलेट व क्रेड एप इत्यादि के माध्यम से साईबर ठगी करने वाले 02 नफर शातिर अन्तर्राज्जीय साईबर उगों को गिरफ्तार किया गया तथा एक नफर नाबालिग को पुलिस संरक्षण में लिया तथा उनके कब्जे से उनके द्वारा चोरी किये गये 07 अदरः मोबाइल फोन व चोरी किये गये मोबाइल फोन में पड़े 06 अदद सिम कार्ड बरामद किये गये।

अभियुक्त से पूछताछ में पता चला कि, वह तथा उनके गिरोह के सदस्य देशभर में बड़े बड़े शहरों में लगने वाले मार्केट, सब्जीमण्डी, फूलमण्डी, फलमण्डी, मेलों इत्यादि भीड़भाड़ वाले स्थानों से फोन चोरी करते हैं, उसके पश्चात अपने साथियों के माध्यम से चोरी किये गये फोनों के लॉक आईक्लाउड लॉक तुड़वाकर चोरी के फोनों में ऋल्ला ट८ ऊी९ी ऑफ कराकर, चोरी किये गये फोनों में पड़े सिमकार्ड से लिंक बैंक खातों/क्रेडिट काडों से डिजिटल ई-वॉलेट बनाकर तथा क्रेड इत्यादि एप के माध्यम से अपने फर्जी नाम पते पर खोले गये बैंक खातों में पैसे ट्रान्सफर कर ठगी करते हैं। उसके पश्चात चोरी किये गये फोनों को अपने साथियों के माध्यम से बेचकर प्राप्त ठगी के रुपये के रूपयों को आपस में बाँट लेते हैं।

## बाघ की दहाड़ से थर्राया खालिसपुर, गांव में हाई अलर्ट

### रहमान खेड़ा जंगल मे बाघ का आतंक जारी, कई दिनों से पगचिन्हों के पीछे चल रही वन विभाग टीम, नहीं मिली सफलता

अमल लेखनी समाचार



ड्रोन की मदद से सर्च अभियान चलाती वन विभाग

लखनऊ। जंगल से ओझल हुए बाघ चार दिन बाद फिर से जंगल में लौट आया। जिसकी दहाड़ सुनकर ग्रामीण वासी फिर से दहशत में आ गए। बृहस्पतिवार को रहमान खेड़ा जंगल में घास लेने गए राम लखन ने उपोष्ण बागवानी संस्थान जाने वाली सड़क के किनारे बाघ को टहलते देखा। बाघ देखकर किसान सहम गया और साइकिल मोड़कर गांव की तरफ भाग निकला। सूचना पर पहुंची वन विभाग के अधिकारियों को पगचिन्ह मिले।

#### डब्लूटीआई टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे से की निगरानी

डब्लूटीआई टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे से पांच किलोमीटर क्षेत्र में निगरानी की, लेकिन बाघ कहीं नजर नहीं आया। जंगल के आसपास तीन गांव में बाघ के सात नए पगचिन्ह मिलने की पुष्टि हुई है।

लखनऊ डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग 8:30 बजे सहिलामऊ जाने वाले खड़ंजा मार्ग एवं मीठे नगर जाने वाले मार्ग पर पुल के पास बाघ के पगचिन्ह मिले थे। वहीं दोपहर में बेहता नाला के किनारे रहमान खेड़ा फार्म की जाली के नीचे से निकलकर जंगल मे आने के पगचिन्ह मिले हैं। तीन गांव में सात जगहों पर नए पगचिन्ह मिले हैं। एसडीओ हरिलाल चौरसिया और बीकेटी रेंजर अनुज प्रताप सिंह एवं लखीमपुर खीरी से रेंजर एके मल्ल व फोरेस्टर नागेंद्र पांडेय ने पगचिन्हों की जांच पड़ताल की।

पंद्रह गांव टहल कर बाघ जंगल वापस करीब 20 किलोमीटर के दायरे में 15 गांव में चहलकदमी करके बाघ की वापसी जंगल में हो गई है। अंदेशा है कि बाघ भूखा है और शिकार करने वापस जंगल में आया है। अब तक रहमान खेड़ा, उलरापुर, दुगौली, मीठे नगर, हाफिज खेड़ा, बनियाखेड़ा, कटौली, मलहा, मंडौली, करझन, गुरदीन खेड़ा, गोहरामऊ, सहिलामऊ गांव में पगचिन्ह मिले हैं। रेंजर एके मल्ल ने बताया कि बाघ के लिए रहमान खेड़ा प्राकृतिक आवास है। भोजन के लिए शिकार पीने का पानी और छुपने की जगह है।

#### खालिसपुर गांव में ग्रामीणों ने सुनी बाघ की दहाड़

बृहस्पतिवार शाम करीब 9 बजे खालिसपुर गांव में पूर्व प्रधान सुनील कुमार के घर के पीछे बागों में ग्रामीणों ने बाघ की गुर्राहट की आवाज सुनी जिसके डर से ग्रामीण अपने-अपने घर में दुबक गए। पूरे गांव में तब से सन्नाटा छा गया लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बाघ की दहाड़ से आसपास गांवों में हाईअलर्ट जारी जंगल से निकलकर बाघ बस्तियों में पहुंचा वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है। वन विभाग टीम वहीं आसपास कांबिंग कर रही है।

## तत्वमसि ट्रस्ट द्वारा मिशन शक्ति पर आधारित नाटक मंचन कार्यक्रम हुआ सफल

**भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में हुए शामिल**

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ ।हजरतगंज स्थित प्रसिद्ध मन्दिर हनुमतधाम में मुख्य ट्रस्टी विजय लक्ष्मी द्वारा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति नारी शक्ति पर आधारित नाटक मंचन कार्यक्रम दृष्टि बाधित लोगो द्वारा नाटक मंचन के माध्यम से जागरूक अभियान चलाया गया जिसमें आम जनमानस को आत्महत्या न करने की प्रेरणा दी गई , कार्यक्रम का मंच संचालन आँचल ने गीतों और भजनो के साथ किया ,कार्यक्रम में भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह बतौर मुख्य अतिथि ,अति विशिष्टअतिथि विशेष कार्याधिकारी उत्तर प्रदेश एम एल त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि हनुमत धाम के मुख्य महन्त रामसेवक दास जी महाराजऔर राकेश मिश्रा सचेतक पार्षद दल भाजपा पार्षद लोहिया नगर लखनऊ, उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह ने अतिविशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के साथ मिल कर दीप प्रज्वलित के साथ किया ,आये हुए अतिथियो का मुख्य ट्रस्टी विजय लक्ष्मी ने अपने पदाधिकारियो के साथ मिल कर पुष्प गुच्छ भेंट कर माला पहना कर मोमेन्टो के साथ अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया ,जिसमे देवेश अवस्थी ,मणीन्द्र नाथ कृष्ण दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई ,कलाकार श्याम अवस्थी ने (एन ए बी )अमिता दुबे की टीम के साथ मिल कर भजन कीर्तन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम से शमा बाँध दिया ,नाटक मंचन में मिशन शक्ति नारी शक्ति का संदेश देते हुए, आशीष ,सत्यम यादव ,आशीष दुबे,अदम्य त्रिपाठी, इरफान ,अपूर्वा सहित अन्य कलाकारों ने उपस्थित जनो को नारी शक्ति के प्रति जागरूक किया और समाज मे बेतहर संदेश दिया ।

## मिश्रिर बाबा समाधि स्थल पर कल आयोजित होगा विशाल भंडारा

अमल लेखनी समाचार

निगोहां। रामपुर डिघारी गांव में स्थित मिश्रिर बाबा समाधि स्थल पर शुक्रवार को अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारम्भ होगा ओर शनिवार को समापन पर हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा ।जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगो पहुंचकर बाबा के दरबार में मत्था टेककर प्रसाद ग्रहण करेगे ।आयोजक कैलाश मिश्रा व बासु मिश्रा ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा पहले दिन शुक्रवार को मिश्रिर बाबा समाधि स्थल पर अखंड रामचरित मानस पाठ बिठाने के साथ शनिवार को समापन पर हवन पूजन के बाद कन्याओ को भोजन कराने के बाद विशाल भंडारे में पूड़ी-सब्जी व खीर के प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

## किसान गोष्ठी में रबी फसलों के बारे में दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार



कृषक गोष्ठी में किसानों को जागरुक करते

लखनऊ। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़करण पर बृहस्पतिवार को मलिहाबाद विकासखंड सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि से संबंधित आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं, और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई।

मलिहाबाद बीडीओ रविंद्र मिश्र ने किसानों को आधुनिक उपकरणों, जैविक खेती, फसल चक्र, और मिट्टी परीक्षण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, और सिंचाई सुविधा के लाभों पर चर्चा की गई।

सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह ने जैविक खाद के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। उन्होंने रबी के फसलों की समय पर बोआई और बेहतर उत्पादन के लिए बीज अनुदान के बारे में बताया सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. अखिलेश सिंह अंजू ने कहा कि अधिकतर किसान पराली (पुआल) जलाते हैं। इससे खेत की उर्वरा शक्ति कम होती है। उन्होंने उन्नतशील बीजों के उपयोग और फसलों की सिंचाई की बेहतर व्यवस्था पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को जागरुक करते हुए जागरूकता पर्चे भी वितरित किए गए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी काकोरी, सहायक विकास अधिकारी बक्शी का तालाब, खंड तकनीकी सहायक विमल कुमार सिंह, चक्रेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मासूम छात्रा अगवा, पुरी रात बाद सुबह बदहवास अवस्था में मिली

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ ।कृष्णा नगर क्षेत्र में बुधवार अपराह्न एक मासूम 11 वर्षीय छात्रा कोचिंग के लिए निकली लेकिन पुरी रात वापस घर नहीं लौटी परेशान परिजनों ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस को की थी जिसपर पुलिस ने गुमसुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मासूम की तलाश के लिए टीम गठित किया था वहीँ मासूम छात्रा गुरुवार सुबह सबेरे आलमबाग के इको गार्डेन के पास बदहवास अवस्था में मिली। छात्रा की हालत देख पुलिस उपचार के लिए भेज आसपास के दर्जनों फुटेज खंगालने के बाद एक परिवार के दो सदस्यों को हिरासत में लेकर आरोपित की तलाश में जुटी है। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक लोडर चालक की मासूम छोटी पुत्री 11 वर्षीय एक निजी स्कूल में कक्षा 4 की छात्रा है और अपने घर से कुछ दुरी पर ही एक निजी कोचिंग सेंटर में पढाई के लिए जाती है। रोज की तरह छात्रा की माँ बुधवार अपराह्न अपनी पुत्री को कोचिंग छोड़ घर वापस लौट गई थी। छात्रा रोज की तरह शाम समय कोचिंग से घर जाने के लिए निकली लेकिन घर नहीं पहुंची ।देर शाम होने पर पुत्री के घर न लौटने पर माँ ने कोचिंग जाकर जानकारी लिया जहाँ बताया गया कि वह समय से घर के लिए निकल चुकी है। जिसपर परेशान मासूम की माँ ने पति और परिजनों को जानकारी दे स्थानीय थाना कृष्णा नगर पहुँच पुलिस को बेटी के लापता होने की जानकारी दे लिखित शिकायत की। माँ से मिली जानकारी पर थाना प्रभारी ने अपने अधिकारियो को अवगत कराते हुए फौरी तौर पर गुमसुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश में टीमों का गठन किया। पुरी रात पुलिस और परिजन मासूम की तलाश करते रहे लेकिन मासूम का कोई पता नहीं चला वहीँ बारह घंटे बाद सुबह करीब छः बजे मासूम इको गार्डेन के पास बदहवास अवस्था में पड़े होने की जानकारी पुलिस को मिली जिस पर कृष्णा नगर पुलिस ने मौके पर पहुँच लापता छात्रा के माता पिता को बुला पहचान करवा छात्रा को कस्टडी में ले उपचार के लिए भेज दिया वहीँ छात्रा इतनी घबराई हुई थी कि कुछ भी बता पाने में काफी असहज थी। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आरोपियों की तलाश में क्राइम टीम समेत कई टीमों का गठन किया गया।आरोपित पुलिस की गिरफ्त से दूर है पुलिस टीम आरोपित की तलाश में जुटी है। वहीँ शाम समय पुलिस के लचर रवैये और आरोपित की गिरफ्तारी न कर पाने पर स्थानीय लोगो में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया और हाथो में तख्ती ले पकरी पुल चौराहे के पास वीआईपी रोड पर बैठ धरना प्रदर्शन करने लगे और आरोपित की गिरफ्तारी और फांसी देने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन की जानकारी पर पुलिस के हाथपांव फूल गए मौके पर पहुंचे पुलिस बल संग थाना प्रभारी और प्रदर्शनकारियों में नोकझोक भी हुआ। पार्षद पति ऋचा आदर्श मिश्रा ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इस दौरान थाना प्रभारी पी के सिंह ने 48 घंटे में आरोपित की गिरफ्तारी और सख्त कार्यवाही का आश्वासन दे प्रदर्शन को समाप्त करवाया।

## संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय के छात्र ने पास की विद्याज्ञान परीक्षा

बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय आसत के कक्षा -5 के छात्र जहीद ने विद्याज्ञान परीक्षा में सफलता हासिल की है । छात्र ग्राम आसत का निवासी है । प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कंचन प्रभा ने छात्र की सफलता पर खुशी व्यक्त की है ।वरिष्ठ शिक्षिका आरती शुक्ला ने छात्र का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में एक दिन में सफलता नही मिलती बल्कि सफलता छात्र की कड़ी मेहनत और गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान से मिलती है ।इस अवसर पर छात्र के पिता जाहिद भी उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि अब सरकारी स्कूल में भी बहुत अच्छी पढ़ाई होती है ।बच्चे की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को जाता है।इस अवसर पर शिक्षक चंद्रशेखर,विटान देवी और शुभ्रता शुक्ला उपस्थित रही।

### रोड पार कर रही छात्रा को बाइक सवार ने मारी टक्टर हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्थित कोतवाली गेट के सामने तेज रफ्तार बाइक ने पैदल सड़क पार कर रही स्नातक छात्रा के जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम हीरा खेड़ा निवासी केशन लाल की पुत्री सोनम देवी 17 वर्ष गंजमुरादाबाद स्थित अशोक महाविद्यालय में स्नातक की छात्रा है। वह आज महाविद्यालय से हिंदी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देकर किसी साधन से बांगरमऊ लौटी थी। छात्रा गुरुवार की शाम नगर स्थित कोतवाली गेट के सामने पैदल सड़क पार करने लगी। तभी अचानक नौनिहाल गंज बाजार की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने छात्रा के जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद नागरिकों ने उसे लहूलुहान हालत में निकट के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने पेड़ से लटक कर दी जान

बांगरमऊ, उन्नाव। घरेलू कलह के चलते एक युवक ने कल गांव के बाहर पेड़ के सहारे फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव तकिया निगोही निवासी संतोष उर्फ माखन 42 वर्ष का शव कल गांव के बाहर एक पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ देखा गया । जिसकी सूचना मिलते ही परिजन व तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए । उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।हादसे की सूचना पर थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। चर्चा के अनुसार मृतक का मंगलवार की शाम को घर में कुछ विवाद हुआ था ।जिसके बाद पत्नी नाराज होकर मायके चली गई ।बुधवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता हुआ पाया गया । थानेदार फूलसिंह ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

## गरुण वाहिनी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अपराध की घटनाओं पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने के लिए उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने एक नई पहल शुरू की है।इस पहल के तहत, हाईवे पर होने वाले अपराधों, जैसे जाम, लूट, चोरी आदि को रोकने के लिए पुलिस ने ₹गरुण वाहिनी₹ नामक विशेष वाहन की शुरूआत की है। यह वाहिनी विशेष रूप से बाइकर्स द्वारा संचालित की जाएगी, जो हाईवे और अन्य प्रमुख इलाकों में गश्त करेंगे ।एसपी दीपक भूकर ने पुलिस कार्यालय से ₹गरुण वाहिनी₹ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह और सी ओ मधुपनाथ मिश्रा भी मौजूद रहे। एसपी का कहना था कि यह पहल अपराधों पर नियंत्रण पाने और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है ।गरुण वाहिनी₹ का संचालन मुख्य रूप से बाइकर्स द्वारा किया जाएगा। हर बाइक पर दो पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और अपराधों की रोकथाम के लिए सक्रिय रहेंगे। बाइकर्स विशेष रूप से सुबह और शाम के समय वॉक करने वाले लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। इसके अलावा, हाईवे पर किसी भी आपात स्थिति, जैसे जाम, लूट, या चोरी की घटना होने पर, इन बाइकर्स की टीम तुरंत मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी ।आसपास थानों को दी गई जिम्मेदारी

उन्नाव के विभिन्न थाना क्षेत्रों जैसे शहर कोतवाली, गंगाघाट, अचलगंज और दही क्षेत्र में इन बाइकर्स की तैनाती की जाएगी। इन क्षेत्रों में आमतौर पर अपराधों के मामले अधिक होते हैं, इसलिए यहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा ।एसपी दीपक भूकर ने इस पहल के बारे में बताते हुए कहा कि जिले में अपराधों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह कदम उठाया है। उनका उद्देश्य है कि नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिले और वे बिना किसी डर के अपने दैनिक कार्यों को अंजाम दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होगा और सुरक्षा के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा ।एसपी ने यह भी कहा कि हाईवे पर हो रही घटनाओं के साथ-साथ अन्य आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बाइकर्स की टीम, जो खासतौर पर प्रशिक्षित है, इन अपराधों को रोकने के लिए सतर्कता से काम करेगी। शहरवासियों के लिए राहत-उन्नाव में इस नई पहल से नागरिकों में सुरक्षा को लेकर आश्वस्त महसूस हो रही है।विशेष रूप से महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक, जो आमतौर पर सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, अब थोड़ा सुरक्षित महसूस करेंगे। यह व्यवस्था उन लोगों के लिए भी कारगर साबित होगी जो सुबह या शाम को वॉक पर निकलते हैं।

## पूर्व मंत्री ने की देश की एकता अखंडता व भाईचारा कायम रखने की अपील

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी इजहार खां 'गुड्डू' के आवास पर कल देर शाम नगर के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात कर उनका हाल-चाल लेने के साथ ही देश ही एकता, अखंडता, भाईचारे व आपसी सौहार्द को कायम रखने पर विचार व्यक्त किये ।उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष व केंद्रीय हज कमेटी के सदस्य तथा पूर्व मंत्री मोहसिन रजा का जनपद में पूर्व निर्धारित कई जगहों पर कम्बल वितरण व सम्मान समारोह का प्रोग्राम लगा था। जिसमें जनपद की नगर पंचायत रसूलाबाद, कुरसत व सफीपुर के साथ ही पूर्व पालिका अध्यक्ष इजहार खां 'गुड्डू' के आवास पर भी प्रोग्राम लगा था। कल देर शाम बांगरमऊ में पहुंचे पूर्व मंत्री ने संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात कर सभी लोगों का हाल-चाल लेने के साथ ही देश की एकता, अखंडता, भाईचारे व आपसी सौहार्द को कायम रखने पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सब आपस में भाई-भाई हैं इसलिए सभी को मिलकर रहना चाहिए। उन्होंने सभी धर्मों का सम्मान करने व सबके साथ अच्छा बर्ताव/ सलूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की तारीफ करते हुए कहा कि पार्टी ने कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। पार्टी का जो नारा है सबका साथ -सबका विकास इस पर आज भी कायम है। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश का संपूर्ण विकास हो रहा है।मुख्यमंत्री जी ने बिना भेदभाव व जात-पात के प्रदेश का ऐतिहासिक विकास किया है। उन्होंने कहा कि देश का नौजवान ही हमारे देश का भविष्य है इसलिए नौजवानों को भी सही रास्ता दिखाना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने अपने संबोधन में शेरो-शायरी के माध्यम से भी समां बांध दिया। इस मौके पर इजहार खां गुड्डू, हाफिज इस्लाम, मोहम्मद अहमद, डॉक्टर इरफान, मुनारे प्रधान, समाजसेवी फजलुर्रहमान, अरसलान खान, सभासद मोहम्मद आफाक, इमरान, मोहम्मद हफीज, बबलू खान, रिफाकत अली सहित काफी संख्या में नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## जनपद में यातायात समाधान की नई पहल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।यातायात समस्याओं का समाधान पहले से आसान हो गया है। जाम, दुर्घटना, चालान, या नो एंट्री में वाहन प्रवेश जैसी समस्याओं के लिए यातायात पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर और ट्विटर हैंडल की शुरूआत की है यातायात पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 9555108548 जारी किया है।इस नंबर पर कॉल कर यातायात संबंधी किसी भी समस्या की सूचना दी जा सकती है।साथ ही, यातायात पुलिस ने ट्विटर पर हैंडल भी बनाया है। इसके जरिए लोग फीडबैक या शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं ।उन्नाव के सीओ ट्रैफिक मधुपनाथ मिश्रा ने कहा कि इस नई सेवा के जरिए यातायात समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। दुर्घटनाओं और जाम की स्थिति में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी।इस पहल का उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना है। अब यात्री अपनी समस्या सीधे यातायात पुलिस को बता सकते हैं और शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं ।यातायात नियमों के उल्लंघन की शिकायतें, जैसे नो एंट्री में प्रवेश या चालान संबंधी समस्याओं को भी इस सेवा के माध्यम से हल किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यातायात हेल्पलाइन और ट्विटर हैंडल के जरिए लोगों को बेहतर सेवा मिलेगी। यह सेवा न केवल जाम या दुर्घटनाओं के समाधान में मदद करेगी, बल्कि यातायात नियमों के पालन को भी सुनिश्चित करेगी।

## धुंधकारी और राजा परीक्षित की कथा का दिया गया ज्ञान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। इब्राहिम बाग स्थित भगवान चित्रगुप्त धाम में सनातन परिवार सत्संग सेवा समिति, वृंदावन के सहयोग से कायस्थ वेलफेयर सोसाइटी और मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा, संयोजक पवन निगम द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के दूसरे दिन सुविख्यात कथा प्रवक्ता श्रीधाम वृन्दावन के पूज्य संत श्री राम शरण शास्त्री जी महाराज ने बताया धुंधकारी, आत्मदेव और धुंधुली के बेटे थे। धुंधकारी दुराचारी और दुष्ट था, जबकि उसका भाई गोकर्ण ज्ञानी और पंडित था। धुंधकारी ने अपने जीवन में कई दुष्कर्म किए। उसने अपनी मां को मार डाला और पिता की सारी संपत्ति नष्ट कर दी। धुंधकारी के दुष्कर्मों के कारण उसे कष्टदायी मृत्यु मिली और वह प्रेत बन गया। धुंधकारी के भाई गोकर्ण ने प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए सूर्य भगवान के बताए सूत्र पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया। धुंधकारी को भागवत कथा सुनने के बाद प्रेत योनि से मुक्ति मिली। इस कहानी से यह सीख मिलती है कि कर्म, धर्म मनुष्य को संयमित और वेद रीति नीति से करना चाहिए। धुंधकारी की मां धुंधुली ने अपने बहन के कहने पर आत्मदेव का फल अपनी गाय को खिला दिया था। गाय को एक मनुष्याकार बच्चा हुआ, जिसके कान गाय के समान होने के कारण उसका नाम गोकर्ण रखा गया। इसके बाद महाराजश्री ने बताया राजा परीक्षित को भागवत कथा शुकदेव जी ने सुनाई थी। शुकदेव जी, वेदव्यास जी के पुत्र थे। शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा शुक्रताल में सुनाई थी। आज भी शुक्रताल में वही वटवृक्ष है जिसके नीचे शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सात दिनों तक सुनाई थी। कथा सुनने के बाद राजा परीक्षित का मृत्यु का भय दूर हो गया था। राजा परीक्षित को शमिका ऋषि के पुत्र ने श्राप दिया था कि सात दिनों के भीतर तक्षक सर्प के काटने से उनकी मृत्यु हो जाएगी। ऋषि शमिका ने राजा परीक्षित को ऋषि शुक से मिलने और अगले सात दिनों के लिए 'भागवतम' सुनने का सुझाव दिया था। कई पौराणिक संस्मरणों के साथ महाराज ने धर्म ज्ञान वैराग्य का सजीव चित्रण किया। कथा प्रारंभ और समापन आरती में मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा व उनका परिवार, मुख्य संयोजक पवन निगम, आशीष निगम व उनका परिवार, संरक्षकों नीरज निगम, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ प्रभात सिन्हा, विमल द्विवेदी, वेंकट मिश्रा, प्रशांत दीक्षित, अरविंद श्रीवास्तव, कौशल किशोर यादव, वीरेंद्र सिंह, अशोक रस्तोगी, डॉ मनीष सेंगर, राहुल कश्यप, अभिषेक शुक्ला, मनीष गुप्ता, बबलू शर्मा, बबली मिश्रा, रश्मि निगम, ममता द्विवेदी, शोभा पाण्डेय, नीलम त्रिपाठी आदि सहित मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम ने भाग लिया। महाराज के सचिव आचार्य शिवम मिश्र ने उन्नाव वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार मोक्षदायिनी कथा का श्रवण करने का आवाहन किया।

## विधानसभा घेराव के दौरान प्रभात पाण्डेय की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।युवा नेता और समाजसेवी प्रभात पाण्डेय (30 वर्ष) की विधानसभा घेराव के दौरान हुई दुखद मृत्यु ने पूरे सफीपुर क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है।इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राजनीतिक कार्यकताओं में गहरा दुःख व्याप्त है ।गुरुवार को सफीपुर कस्बे में प्रभात पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिला महासचिव दीपेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी राजेश वर्मा, नगर अध्यक्ष शहरबानो, युवा नेता पंकज गौतम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने प्रभात पाण्डेय के असमय निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और इसे समाज के लिए एक बड़ी क्षति बताया ।जिला महासचिव दीपेंद्र ठाकुर ने कहा, ₹प्रभात पाण्डेय एक जुझारू और ईमानदार व्यक्ति थे, जो हमेशा समाज के हित के लिए काम करते थे। उनकी मृत्यु ने हमें अंदर तक झकझोर दिया है ।₹ वहीं, राजेश वर्मा ने उनकी समाजसेवा की सराहना करते हुए कहा, ₹प्रभात जैसे युवा नेता समाज में बदलाव लाने की शक्ति रखते थे। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी ।₹सभा में मौजूद अन्य नेताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी प्रभात पाण्डेय के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और उनके संघर्षशील व्यक्तित्व को याद किया ।इस घटना के बाद से सफीपुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। लोग प्रभात पाण्डेय के निधन को न केवल एक व्यक्तिगत क्षति, बल्कि समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति मान रहे हैं।

## महाकुंभ मेले में ड्यूटी के लिए जनपद से भेजे जायेगे होमगार्ड

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कमाण्डेण्ट होमगाड्र्स मनोज कुमार ने बताया है कि प्रयागराज महाकुम्भ मेला 2025 के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन एवं होमगाड्र्स मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा भारी संख्या में होमगाड्र्स भेजे जाने के आदेश प्राप्त हुए हैं। जिसमें जनपद उन्नाव से 360 होमगाड्र्स स्वयंसेवक (350 पुरूष, 10 महिला) महाकुम्भ मेला 2025 में शान्ति व्यवस्था ड्यूटी एवं आपदा मित्र की भूमिका में नजर आयेंगे। महाकुम्भ मेंला 2025 को दिव्य एवं भव्य के साथ-साथ सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को कार्यालय जिला कमाण्डेण्ट, होमगाड्र्स, उन्नाव प्रागंण में जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की गरिमामयी उपस्थिति में होमगाड्र्स स्वयंसेवको की ब्रिफिंग की गयी। जिलाधिकारी द्वारा होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को आदेशित किया गया कि वह अपनी ड्यूटी पूर्ण मनोयोग एवं अनुशासन में रह कर करेंगे ताकि जनपद उन्नाव का नाम रोशन हो। जिला कमाण्डेण्ट, होमगाड्र्स श्री मनोज कुमार द्वारा कुम्भमेला डियूटी हेतु प्रेरित किया गया। ब्रिफिंग के पश्चात वास्तविक सयम स्थिति पर आधारित आग लगने की घटना से सम्बन्धित मॉकड्रिल अभ्यास उन्नाव रेलवे स्टेशन पर किया गया। जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनूप सिंह के मार्गदर्शन में जवानों ने राहत एवं बचाव कार्य का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्होने बताया है कि समस्त होमगाड्र्स स्वयंसेवक एवं स्टाफ कुम्भमेला डियूटी के प्रति उत्साहित हैं। जिला कमाण्डेण्ट, होमगाड्र्स द्वारा सभी को कुम्भ मेला दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु अग्रिम शुभकामनाए दी गयी। कार्यक्रम में जिला कमाण्डेण्ट के सहायक रमेश कुमार वर्मा, गजराज, राजमणि सिंह, वै०पी०सी० चन्द्र प्रकाश, उमेश चन्द्र रावत, राजकुमार, दीपक सिंह, श्रीमती वन्दना सिंह अमरेन्द्र बढादुर वर्मा, नफीस अहमद, कुलदीप कुमार वर्मा, राम नारायण, रमेश कुमार वर्मा, देवेन्द्र कुमार वर्मा, रामजी पाण्डेय, अमरेश कुमार यादव, बी०ओ०, कौशल किशोर अवस्थी, मनोज कुमार पाल, राजू, कनिष्ठ सहायक, एवं समस्त रनर के साथ ही साथ जनपद उन्नाव के अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर/ सहायक कम्पनी कमाण्डर/प्लाटून कमाण्डर के साथ ही साथ होमगाड्र्स स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## कबाड़ लादकर जा रहे डीसीएम ट्रक में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।कानपुर- लखनऊ हाईवे पर एक डीसीएम ट्रक जो कबाड़ लादकर सिद्धार्थनगर से कानपुर जा रहा था, उसमें भीषण आग लग गई। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा के पास हाईवे पर भारी जाम लग गया और ट्रैफिक की रफ्तार थम गई ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। डायल 112 की पुलिस ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को रोका और सुरक्षा की व्यवस्था बनाई। पुलिस की तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई। आग लगने की घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और यात्री सड़क पर रुक गए ।डीसीएम में आग इतनी भयंकर थी कि पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। ट्रक में लदे कबाड़ के सामान ने आग को और बढ़ा दिया, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। आग के कारण हाईवे पर दोनों दिशाओं में लंबा जाम लग गया, जिससे यात्री परेशान हो गए ।आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, कबाड़ लदे ट्रक के जलने से सामान का काफी नुकसान हुआ। ट्रक में आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन इसे शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खामी से जोड़ा जा रहा है ।स्थानीय प्रशासन ने हाईवे पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस ने हाईवे के दोनों लेन को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, लेकिन अब स्थिति सामान्य है। चौकी इंचार्ज राहुल सिंह ने बताया की आग पर काबू पा लिया गया है यातायात सुचारू से चालू कराया गया है।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़ युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर प्रीतम में एक व्यक्ति का शव गांव के बाहर एक पेंड़ से लटकता मिला है ।गुरुवार सुबह परिजनों ने जब उसका लटकता शव देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी लगभग पचपन वर्षीय सुंदरलाल का शव गांव के बाहर एक पेंड़ से लटकता लोगों ने देखा तो घरवालों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे घरवाले शव देखकर भौचक रह गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जाँचपड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों में मृतक सुन्दर लाल के साथ किसी अनहोनी की भी चर्चा रही ।थाना पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## युवा शक्ति को सूर्य मित्र का किया गया नामकरण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। परियोजना अधिकारी यूपीनेडा ने बताया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के प्रयोग को अधिकाधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा नीति 2022 प्रख्यापित की गयी है। प्रख्यापित नीति में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में युवा मानव शक्ति को सौर ऊर्जा के विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित कर उन्हे पारगंत किया जाना है। इस पारगंत युवा शक्ति को सूर्यमित्र नामकरण किया गया है। प्रशिक्षित युवा शक्ति सूर्यमित्रों द्वारा सौर ऊर्जा के विभिन्न संयंत्रों की स्थापना, अनुरक्षण और संचालन कर स्वतः रोजगार का कार्य कर अन्य को भी रोजगार प्रदान करने में संक्षम होंगे। उन्होने यह भी अवगत कराया है कि प्रख्यापित सौर ऊर्जा नीति-2022 में 05 वर्षो की अवधि में 30,000 सौरमित्रों को तैयार करने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सूर्यमित्रों में लगभग 6000 सूर्यमित्रों को यूपीनेडा के 03 प्रशिक्षण संस्थाओं क्रमशः लखनऊ, मऊ, कन्नौज के माध्यम से प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। सूर्यमित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम (सोलर पी0वी0 इन्सटालर फच हेतु निर्धारित स्किल इण्डिया के पाठयक्रम व मानको के अनुरूप सूर्यमित्र प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रदान किया जाता है। सूर्यमित्र का प्रत्येक प्रशिक्षण 45 दिवसीय एवं प्रशिक्षण केन्द्र पर पूर्णतः आवासीय एव निःशुल्क होगा।

## हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।बाबा मोहब्बत शाह और उनके शिष्य न्यामत शाह की मजार पर चादर पोशी और सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के साथ मेला का शुभारंभ हुआ मेला आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द व एकता का प्रतीक है ।जनपद उन्नाव की तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से 500मीटर दूर पर मोहम्मद शाह व सहर्ष लिंगेश्वर महादेव की याद में लगने वाला तकिया मेला का शुभ आरंभ बृहस्पतिवार को जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला के द्वारा बाबा मोहम्मद शाह की मजार में चादर पोसी सहर्ष लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विधि विधान के द्वारा पूजा अर्चना के साथ मेला का शुभारंभ हुआ मेला प्रांगण में लगा प्रशासनिक कैंप में कव्वालियों द्वारा कव्वाली का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय प्रतिनिधि सहित अन्य तमाम क्षेत्रीय जनता महिला अधिकारी यूपी जिला अधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह तहसीलदार अरसला नाज तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला सहित तहसील के कर्मचारी गण आला अधिकारी प्रतिनिधि के आगमन को लेकर सुबह से ही उनकी तैयारी में जुटे रहे।

## गम्भीर अपराधों में फरार युवक के घर पर नोटिस चस्पा कर की गई मुनादी



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। उप निरीक्षक नीरज कुमार पाठक थाना चकेरी कानपुर नगर द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 884/21 धारा 363/366/368 आईपीसी के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक बजरंगी मौर्य उर्फ अशोक कुमार पुत्र स्व दयाराम निवासी न्योतनी थाना हसनगंज जनपद उन्नाव के घर पर तलाश किया गया तो वह घर पर मौजूद नहीं मिला और घर पर ताला लगा हुआ है। न्यायालय सीजेएम कानपुर नगर द्वारा धारा 82 सीआरपीसी (उद्घोषणा) की नोटिस युवक के मकान पर लोगो की मौजूदगी में चस्पा की गई तथा मुनादी भी कराई गई।

## जनपद में आपरेशन भरोसा की हुई शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा ₹ऑपरेशन भरोसा₹ की शुरूआत की गई। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है ।अभियान के तहत जिले के सभी थानों में एक महिला आरक्षी को नोडल के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नोडल आरक्षी महिला अपराधों, जैसे यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, महिला अपहरण और गुमशुदगी की शिकायतों को तुरंत उच्चाधिकारियों और बीट अधिकारियों तक पहुंचाएगी। ₹ऑपरेशन भरोसा₹ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकना और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना है। अभियान के तहत नोडल आरक्षियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वे प्रभावी ढंग से शिकायतों का निपटारा कर सकें। क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में सभी नोडल महिला आरक्षियों के साथ बैठक की। बैठक में ऑपरेशन भरोसा के तहत की जाने वाली कार्रवाइयों की विस्तृत जानकारी दी गई। सोनम सिंह ने इस पहल को महिलाओं की समस्याओं के समाधान में एक अहम कदम बताया। अभियान के सामाजिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें महिलाओं को उनके अधिकारों और पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी ।इस अभियान के तहत पुलिस को महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और उनके मुद्दों को प्राथमिकता देने की हिदायत दी गई है। सोनम सिंह ने नोडल आरक्षियों से कहा कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और महिलाओं की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें ।ऑपरेशन भरोसा₹ से महिलाओं को सुरक्षा का अनुभव होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। यह पहल उन्हें अपनी समस्याओं को खुलकर व्यक्त करने और उनके समाधान में मददगार साबित होगी। ऑपरेशन भरोसा उन्नाव जिले में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक अहम कदम है। यह पहल महिला अपराधों की रोकथाम में सहायक साबित होगी और समाज में एक सकारात्मक सोच विकसित करेगी।

## अचानक भैंस के सामने आ जाने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मुस्तफाबाद में आरिफ पुत्र शहीम अतरधनी से दवाई लेने बांगरमऊ जा रहा था तभी मुस्तफाबाद में अचानक सामने भैंस के आ जाने से उसकी कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई। जिससे कार बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। कार के चालक के साथ बैठे नदीम को हल्की चोट आई जिसको बांगरमऊ सामुदायिक केंद्र में इलाज कराया गया और गाड़ी का एयरबैग खुल जाने से दोनो लोग बच गए जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस में दे दी गई है।

## सम्पादकीय

# काश संसद में संविधान के लक्ष्यों पर बहस होती

संसद में संविधान पर चर्चा एक अच्छी पहल है। भारतीय संविधान ने अपनी 75 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ, तब से देश ने संविधान के लक्ष्यों के अनुरूप अनेक स्तर पर प्रगति की है, लेकिन कई लक्ष्य अधूरे भी हैं। यह समीक्षा होनी ही चाहिए कि 75 वर्ष की यात्रा में लक्ष्यों की स्थिति क्या है? संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों के क्रियान्वयन की दशा व दिशा क्या है? हालांकि सरकार संसद में संविधान पर बहस विपक्ष की मांग के बाद करवा रही है, लेकिन संविधान के लक्ष्यों पर बात होती तो देश लाभान्वित होता। इसमें जो गौर करने वाली बात है कि विपक्ष ने आरोप के साथ संविधान पर बहस शुरू की है, ये ऐसे आरोप हैं जिसमें राजनीति के सिवा कोई तथ्य नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव के समय से कांग्रेस ने एक नैरेटिव गढ़ा है कि भाजपा नीत राजग सरकार संविधान बदलना चाहती है, भाजपा के बयानवीर नेताओं ने मौका भी दिया, जबकि तथ्यात्मक रूप से यह संभव नहीं है। अब तक करीब 126 संविधान संशोधन हुए हैं, जिनमें से करीब 98 से अधिक कांग्रेस सरकार के समय हुए हैं। संविधान में संशोधन वक्त की जरूरत के हिसाब से संसद के जरिये होते हैं, संशोधन करना संविधान बदलना नहीं है। संविधान पर चर्चा इसे बदलने के राजनीतिक आरोप के साथ नहीं होनी चाहिए, बल्कि विपक्ष को तथ्यों के साथ संसद में यह बात रखनी चाहिए कि अधूरे लक्ष्य कौन-कौन हैं? डा. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में राजनीतिक लोकतंत्र के साथ सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा को भी समावेशित किया था, संविधान ने 75 वर्ष में इन लक्ष्यों को हासिल नहीं किया है। संविधान में वर्णित समानता, स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्षता और मौलिक अधिकारों पर आधारित राष्ट्र निर्माण और उसे मजबूत करने के लक्ष्यों में देश की राजनीति बाधक बन रही है। जातिगत व संप्रदायगत राजनीति देश की एकता व अखंडता और भाईचारे का बड़ा नुकसान कर रही है। यह समय सभी राजनीतिक दलों के लिए ठहर कर सोचने का है कि वे अपनी-अपनी विभाजनकारी राजनीति से देश को किस दिशा में ले जा रहे हैं। संविधान पर चर्चा के दौरान चाहे कांग्रेस सांसदों ने अपनी बात रखी हो, या सत्ता पक्ष से भाजपा सांसदों ने अपनी बात रखी हो, सभी ने केवल एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। किसी ने भी ईमानदारी से संविधान के लक्ष्यों पर चर्चा नहीं की है। संविधान में आरक्षण का प्रावधान दस वर्ष के लिए था, यह राजनीतिक एजेंडा क्यों बना हुआ है? देश में जातिगत आरक्षण के फायदों को लेकर सोशल ऑडिट क्यों नहीं हुआ है? सामाजिक न्याय की बात होती है, पर इसके लिए राष्ट्रीय पैमाना अब तक क्यों नहीं तय हुआ? जातिवाद के खात्मे के लिए सरकारी प्रयास क्यों नहीं हुए? जाति गणना से राष्ट्र को क्या लाभ होने वाला है? सामाजिक पिछड़ेपन का आधार जाति क्यों है? संसदीय व दलीय राजनीति में समावेशी प्रतिनिधित्व की अवधारणा केवल चुनावी समीकरण तक क्यों सीमित हैं? आमजन के लिए इंसाफ के दरवाजे तक पहुंच सरल क्यों नहीं है? सरकार अपनी विफलताओं के लिए जवाबदेह क्यों नहीं है? ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिस पर संसद में बहस होनी चाहिए, पर दुर्भाग्य यह है कि न ही विपक्ष के पास संविधान पर चर्चा के विषय की तैयारी है और न ही सत्ता पक्ष की रुचि है। लग रहा है जैसे कांग्रेस केवल भाजपा पर आरोप लगाने के लिए संविधान पर चर्चा कर रही है। न संविधान बदल रहा है न इस पर कोई खतरा है।



श्रद्धांजलि

गीता शुक्ला

# अब किसे कहेंगे 'वाह उस्ताद'

उस्ताद जाकिर हुसैन की मृत्यु से सारा देश उदास है। वे सर्वप्रिय थे। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है। वो फरवरी का महीना था और साल था 2012 । राजधानी दिल्ली में उस दिन शास्त्रिय संगीत के रसिया नेहरू पार्क का रुख कर रहे थे जाकिर हुसैन के जादू को देखने के लिए।

उस्ताद जाकिर हुसैन का एक चित्र महान कथक नृतक बिरजू महाराज के राजधानी के शाहजहां रोड के फ्लैट में ड्राइंग रूम में लगा हुआ था। उसमें उस्ताद जाकिर हुसैन और बिरजू महाराज खिलखिला रहे हैं। उसे देखकर बिरजू महाराज कहते थे, उस्ताद जाकिर हुसैन से बेहतर तबला वादक अब कोई पैदा नहीं होगा। ये दोनो ही अपनी-अपनी कलाओं के महारथी थे, और जब वे साथ में प्रस्तुति करते, तो एक जादुई माहौल बन जाता था। उस्ताद जाकिर हुसैन की मृत्यु से सारा देश उदास है। वे सर्वप्रिय थे। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है। वो फरवरी का महीना था और साल था 2012 । दिल्ली में जाड़ा पड़ रहा था। उस दिन राजधानी के शास्त्रीय संगीत के रसिया नेहरू पार्क का रुख कर रहे थे उस्ताद जाकिर हुसैन के जादू को देखने के लिए।

उस्ताद जाकिर हुसैन ने अपनी उंगलियों और हथेलियों से ऐसी ध्वनियां निकालीं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं थीं। दरअसल उस दिन तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन ने नेहरू पार्क में शिव कुमार शर्मा के साथ जुगलबंदी पेश की थी। करीब 500 संगीत प्रेमियों के बीच जब दोनों उस्तादों ने तान छेड़ी तो फिर जो समां बंधा उसे कौन शब्दों में बयां कर कर सकता है। करीब दो घंटे की गुगलबंदी में दोनों उस्तादों ने अपने चाहने वालों की भरपूर तालियां बटोरीं। अफसोस कि उस जुगलबंदी के दोनों उस्ताद अब संसार में नहीं रहे। उस्ताद जाकिर हुसैन दिल्ली में बीती आधी सदी से भी अधिक समय से अपने कार्यक्रम दे रहे थे। भारतीय संगीत को उनके खास अंदाज की वजह से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली थी। उन्होंने दिल्ली में दर्जनों कंसर्ट पेश किए। वे दशकों से दिल्ली में आ रहे थे। जाकिर हुसैन ने कमानी सभागार में 2019 में एक यादगार प्रस्तुति दी थी। मौका था श्रीराम कला केन्द्र के संस्थापक लाला चरत राम की याद में आयोजित एक कार्यक्रम का। उसमें श्रीराम कला केन्द्र की प्रमुख शोभा दीपक सिंह ने बताया था कि जाकिर हुसैन श्रीराम कला केन्द्र के कार्यक्रमों में अपने पिता उस्ताद अल्लाह रक्खा खान के साथ आते थे।

उस समय वे 15-16 के थे। जाकिर हुसैन ने जब दिल्ली के कमानी सभागार में प्रस्तुति दी, तो वह एक अविस्मरणीय शाम थी। उनके तबले की गूंज पूरे सभागार में छा गई और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कला मर्मज्ञ डॉ. रविन्द्र कुमार उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन का समाचार सुनकर गमगीन हो गए।

कहने लगे, जाकिर हुसैन का कोई सानी नहीं था। उनकी उंगलियां तबले पर ऐसे चलती थी जैसे कोई जादू हो। उनकी लयकारी और ताल की समझ अद्भुत थी। वे हर ताल को नए अंदाज में पेश करने में माहिर थे। उस्ताद जाकिर हुसैन की लय पर पकड़ अद्भुत थी। उनकी उंगलियां तबले पर इस तरह नाचती थी कि हर ताल और लय स्पष्ट और सटीक होती थी। वह पारंपरिक तबला



वादन में तो माहिर थे ही, साथ ही उन्होंने अपनी तकनीक में कई नए तत्वों को भी जोड़ा भी। वे विभिन्न प्रकार की तालों और लय में कुशलता से तबला बजाते थे। उनकी गति अविश्वसनीय थी। वे बहुत तेज गति से तबला बजा सकते थे, लेकिन उनकी सटीकता और स्पष्टता कभी कम नहीं होती। जाकिर हुसैन सिर्फ तबला नहीं बजाते, बल्कि संगीत के साथ संवाद करते थे।

वे अन्य संगीतकारों के साथ मिलकर शानदार संगीत बनाते थे। उनके तबले वादन में गहरी भावनाएं होती थीं। वे अपनी कला से खुशी, दुख, उत्साह और शांति जैसे विभिन्न भावों को व्यक्त कर सकते थे। वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ जैज़ और फ्यूजन संगीत में भी माहिर थे। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को एक साथ मिलाकर एक नई शैली बनाई। जाकिर हुसैन ने कई युवा तबला वादकों को प्रेरित किया। उन्होंने तबला वादन को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते थे। उन्होंने तबले वादन के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए और इस कला को आगे बढ़ाया। वे दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और सम्मानित तबला वादकों में से एक थे। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान जीते हैं। इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद, जाकिर हुसैन बहुत ही सरल और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने संगीत के प्रति पूरी तरह से समर्पित थे और हमेशा सीखने के लिए तैयार रहते थे। वे अपने संगीत और दर्शकों के प्रति गहरा प्यार रखते थे। वे दर्शकों के सवालों के जवाब देते थे, उनसे बतियाते थे। उस्ताद जाकिर हुसैन को भारत और दुनियाभर में बसे उनके चाहने वाले सदैव याद रखेंगे।

जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई में हुआ था। वे उस्ताद अल्लाह रक्खा खान के पुत्र थे, जो खुद एक प्रसिद्ध तबला वादक थे। जाकिर ने तबला बजाना तभी शुरू कर दिया था जब वे ड्रम तक पहुंच सकते थे। अपने पिता के साथ उनका अध्ययन गहन था 'आप दिन के 24 घंटे संगीत के माहौल में बड़े होते हैं,' उन्होंने कहा, 'और आपको कुछ और करने की ज़रूरत नहीं है।' उन्हें एक नवोन्मेषक के रूप में याद किया जाएगा। वे नवाचार को निरंतरता के साथ संतुलित करने की आवश्यकता को समझते हैंः 'आपको अपनी परंपरा के बहुत करीब रहना होगा, लेकिन साथ ही दुनिया की पेशकश में से कुछ को शामिल करने में भी सक्षम होना चाहिए। अब समय आ गया है कि भारतीय संगीत को बाहर की ओर देखना चाहिए, न कि केवल बाहरी दुनिया को भारतीय संगीत से उधार लेने देना चाहिए। जाकिर हुसैन ने न्यूयॉर्क शहर के फिलमोर ईस्ट में रवि शंकर के साथ अपना पहला अमेरिकी प्रदर्शन किया। न्यूयॉर्क में रहते हुए, उनकी मुलाकात गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन से हुई और उनकी दोस्ती ने शक्ति नामक एक संगीत समूह का गठन किया, जिसमें भारतीय वायलिन वादक एल. शंकर भी शामिल थे। पिछले कुछ वर्षों में, जाकिर हुसैन ने कुछ महान भारतीय संगीतकारों के साथ काम किया है और लंदन स्ट्रिंग चौकड़ी और वैन मॉरिसन जैसे विविध कलाकारों के साथ सहयोग किया। उनके हिस्से में दुनिया के तमाम प्रमुख पुरस्कार आए। 1991 में, उन्हें भारत के प्रमुख सांस्कृतिक संस्थान द्वारा संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित किया गया और 1996 में वे अटलांटा में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के लिए संगीत रचना में शामिल थे। 73 साल की उम्र में जाकिर हुसैन का निधन हो गया। जाकिर हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। जाकिर हुसैन फेफड़ों से जुड़ी एक गंभीर बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज थे। जिसके चलते उन्हें दिल से जुड़ी समस्याएं पैदा हुईं। उनकी कला और संगीत सदियों तक हम सबके दिलों में जीवित रहेंगे।

## दो टूक


रवि शंकर



# 'रेवड़ी कल्चर' से बिगड़ रही राज्यों की अर्थव्यवस्था

रेवड़ी कल्चर भले ही चुनाव जीतने और सत्ता पाने की गारंटी बन चुका हो, लेकिन इसका नतीजा ये हो रहा है कि राज्यों की आर्थिक सेहत बिगड़ने लगी है और वो कर्ज के बोझ तले दबने लगे हैं। जाहिर है अगर खर्च ज्यादा और आमदनी कम हो, फिर कर्ज तो लेना ही पड़ेगा। इस तरह की घोषणाएं अक्सर तात्कालिक लाभ तो देती हैं, लेकिन दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण से ये देश की वित्तीय स्थिति पर भारी बोझ डालती हैं। भारत जैसे देश में हर तीन-चार महीने बाद किसी न किसी विधानसभा का चुनाव हो रहा होता है और इस नाते राजनीतिक दलों में चुनाव जीतने के लिए रेवड़ी संस्कृति बढ़ती जा रही है। जो वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के रास्ते में एक बड़ी बाधा है। मालूम हो, देश के दक्षिण राज्यों खासकर तमिलनाडु में सबसे पहले मुफ्त बांटने की सियासत शुरू हुई। यहां चुनाव जीतने के लिए मंगलसूत्र, टीवी, प्रेशर कुकर, वॉशिंग मशीन और साड़ी फ्री में बांटी जाने लगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के कार्यकाल में अम्मा कैंटीन खूब फली-फूली। दक्षिण भारत के बाद अब ये 'रेवड़ी कल्चर' उत्तर भारत के साथ-साथ पूरे देश में वोट पाने का एक शॉर्टकट जरिया बन चुका है। वोटरों को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों ने मुफ्त बिजली-पानी, अनाज, लैपटॉप, मोबाइल, स्कूटी और बेरोजगारी भत्ता को हथियार बनाया। इसका नतीजा ये हुआ कि आज कई राज्यों की अर्थव्यवस्था कर्ज के बोझ तले दबने लगी है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि यूरोप के कुछ विकसित देश इसी रेवड़ी संस्कृति के कारण आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भारत के पड़ोस में ही श्रीलंका, पाकिस्तान का भी इसी रेवड़ी संस्कृति ने बुरा हाल किया है। अपने देश में ही देखा जाए तो कई राज्य सरकारें इस रेवड़ी संस्कृति के कारण लगभग दीवालिया होने की कगार पर हैं। उनका बजट घाटा बढ़ता जा रहा है, लेकिन वे मुफ्तखोरी की राजनीति का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। सुप्रीम कोर्ट से लेकर चुनाव आयोग तक मुफ्त की योजनाओं की वजह से आर्थिक असंतुलन और विकास पर पड़ने वाले विपरीत असर को लेकर चिंता व्यक्त करते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त 2022 में इस मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि चुनाव आयोग ने इस मामले में समय रहते कदम उठाया होता है तो शायद कोई भी राजनीतिक दल ये हिम्मत नहीं करता। लेकिन अब मुफ्त रेवड़ियां बांट कर वोट बटोरना भारत के राजनीतिक दलों का मुख्य हथियार बन गया है। अहम प्रश्न ये है कि लोकलुभावन वादों को नैतिक माना जाए या अनैतिक? क्या इन पर रोक नहीं लगनी चाहिए? इसे लेकर देश में दशकों से प्रश्न उठाए जाते रहे हैं। इस पर राजनीतिक दलों की राय अलग-अलग है। मुफ्त के वादे करने वाले दलों का तर्क है कि देश के विकास और समाज में समानता लाने के लिए ऐसा करना जरूरी है, अन्यथा समाज में विषमता बनी रहेगी। वहीं, विरोध करने वालों का कहना है कि ऐसी घोषणाएं आर्थिक ढांचे को कमजोर करने और असंतुलन बढ़ाने के अतिरिक्त कुछ नहीं करतीं। सुप्रीम कोर्ट भी इस मुद्दे पर एक राय व्यक्त नहीं कर सका है। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भी 'रेवड़ी कल्चर' से देश को होने वाले नुकसान को लेकर आगाह कर चुका है। 'स्टेट फाइनेंसेसः अ रिस्क एनालिसिस' नाम से आई आरबीआई की रिपोर्ट की मानें तो पंजाब, राजस्थान, केरल, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की हालत डांवाडोल है। सब्सिडी पर राज्य सरकारों के खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे कर्ज बढ़ता जा रहा है। सब्सिडी पर सबसे ज्यादा खर्च उत्तर प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, केरल और तेलंगाना ने किया। वहीं पंजाब, गुजरात और छत्तीसगढ़ सरकार ने सब्सिडी पर अपने रेवेन्यू एक्सपेंडिचर का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारें सब्सिडी की बजाय मुफ्त दे रही हैं, जिससे फ्री पानी, फ्री बिजली, बिल माफी और कर्ज माफी से सरकारों को कोई कमाई नहीं हो रही है। उल्टे सरकार को इस पर खर्च करना पड़ रहा है।

# ईश्वर के सान्निध्य में ही मिलता है आत्मबल



संकलित

दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# मंत्र का असर



संकलित

प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत–बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। – *सतीश जायसवाल, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# भारतीयों के लिए द. अफ्रीका में पर्यटन की संभावनाएं


दक्षिण अफ्रीका की पर्यटन मंत्री पैट्रिसिया डी लिली ने हाल में भारत की यात्रा से लौटने के बाद कहा कि भारतीय बाजार के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में दक्षिण अफ्रीका में अपार संभावनाएं हैं। डी लिली ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य भारतीय पर्यटन व्यापारियों, टूर ऑपरेटर और संघों, कारोबारी दिग्गजों और मीडिया के साथ सीधे संपर्क स्थापित करना था। इस मकसद था कि भारत से दक्षिण अफ्रीका आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी के लिए निकट सहयोग से काम किया जा सके।



## ऑफ बीट

# गर्म होती दुनिया में पक्षी अपना स्वरूप बदल रहे

हालिया शोधों से पता चला है कि, तापमान वृद्धि के कारण, समय के साथ ऑस्ट्रेलियाई पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियों के शरीर छोटे और चोंच बड़ी हो गई हैं। जब हम आकार बदलने की बात करते हैं, तो हम 'वेयरवुल्फ' (एक व्यक्ति जो कुछ समय के लिए भेड़िये में बदल जाता है) या 'एंट–मैन' की बात नहीं कर रहे हैं। बल्कि, हम शरीर के आकार के छोटे होने और चोंच, पूंछ जैसे उपांगों के बड़े होने की बात कर रहे होते हैं। इससे जीवों को ज्यादा गर्मी को अधिक कुशलता से सहन करने में मदद मिलती है। जिस प्रकार रेडिएटर में गर्म पानी की पाइप परिधि के माध्यम से आंतरिक गर्मी को फैलाने में मदद करती है,



## ट्रेंड

### वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि

आज, विजय दिवस पर, हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया था। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अटल भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा प्रेरित करेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### घोटालों से पहचान

मध्य प्रदेश की पहचान आज घोटालों से हो गई है। किसान के साथ खाद और बीज में घोटाला, नौजवानों के साथ रोज़गार में घोटाला और हर काम में घोटाला। किसान खाद बीज और फसल के सही दाम के लिए परेशान हो रहे हैं।

-कमलनाथ, पूर्व सीएम मप्र



### भ्रष्टाचार और भूमाफिया

बरेली में लापता लेखापाल का सिर नाले में मिलने के बाद परिजनों ने उप्र के अंदर चल रही उस सांठगांठ पर अंदेशा जताया है जिसके एक छोर पर सरकारी भ्रष्टाचार और दूसरे छोर पर भूमाफिया है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### ज़ाकिर के निधन पर दुख

जाकिर हुसैन के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। एक सच्चे उस्ताद के रूप में, मंच पर उनकी उपस्थिति किसी रॉक स्टार से कम नहीं थी। उन्होंने भारतीय और वैश्विक संगीत पर अमिट छाप छोड़ी।

-अनिल कपूर, अभिनेता



संक्षेप

## हापुड़ में युवक को कार ने 30 मीटर घसीटा

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के कोतवाली क्षेत्र में फ्री गंज रोड पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे युवक को रौंद दिया। टक्कर के बाद युवक को कार करीब 30 मीटर तक घसीटकर ले गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार फ्री गंज रोड पर सड़क किनारे एक युवक ठंड के प्रकोप से बचने के लिए अलाव का सहारा लेकर आराम से बैठा हुआ था। तभी एक तेज रफ्तार कार वहां से गुजरी तो उसने युवक को रौंद दिया। बताया जा रहा है कि कार चलाने वाला व्यक्ति शराब के नशे में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस कार चालक सहित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही हैं। ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। कोतवाली प्रभारी मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फुटेज के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## रामपुर में फर्जी सड़क दुर्घटना का मामला

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, फर्जी सड़क दुर्घटना दिखाकर बीमा क्लेम के लिए फजीर्वाड़ा करने के मामले में एसआईटी ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे में वकील सहित चार लोगों को आरोपी बनाया गया है। एसआईटी ने उच्च न्यायालय के आदेश पर पूरे मामले की जांच की है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। लखनऊ पुलिस मुख्यालय के एसआईटी के एसआईओ संजय वर्मा ने बताया कि बीमा क्लेम को फर्जी पाए जाने के बाद वकील सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि आरोपियों ने आईसीआईसीआई लोबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी से क्लेम लेने के लिए फजीर्वाड़ा किया। इस मामले में पूरी जांच के बाद एसआईटी ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जांच में सामने आया कि भोट थाना क्षेत्र के खोदपुरा गांव के ओम प्रकाश ने 2019 में सिविल लाइंस थाने में एक केस दर्ज कराया था। इसमें वकील मोहम्मद आलिम ने ओम प्रकाश और उनकी पत्नी चंद्रवती को पीड़ित बताकर 9 नवंबर 2018 को रामपुर में एक फर्जी सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज कराया था। ओम प्रकाश और उनकी पत्नी के साथ हुई दुर्घटना की कहानी में भी विरोधाभास पाया गया। ओम प्रकाश ने घटना के विवरण में पहले कहा था कि वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से ससुराल से लौट रहे थे, जबकि बाद में अपनी पत्नी के साथ रोडवेज बस से रामपुर आए थे। एफआईआर में याचिकाकर्ता ओम प्रकाश ने जांचकताओं को बताया कि जब वह पत्नी की दवा लेकर लौट रहे थे, तो वकील मोहम्मद आलिम ने उनसे मुलाकात की और मुआवजा दिलाने का वादा किया।

# एक नेपाली युवती को तस्करी होने से बचाया

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीह, बहराइच। एसएसबी के सतत पर्यवेक्षण एवं दिलीप कुमार, उप कमांडेंट (प्रचालन) के निर्देशन में ICP रुपैडिहा पर तैनात नियमित चेकिंग और फ्रिस्किंग ड्यूटी टीम कार्य कर रही है। दिनांक 18.12.2024 को समय लगभग 9:55 बजे भारत नेपाल मैत्री बस सेवा बस नम्बर लू 2 खा 6840 ICP रुपईडिहा में आई। बस से जाने वाले यात्रिओं की चेकिंग एवं फ्रिक्सिग PTB ड्यूटी ICP रुपैडिहा द्वारा की जा रही थी। इस दौरान समय लगभग 10:30 बजे एक पुरुष के साथ एक नेपाली लड़की मिली, चेकिग के दौरान उनसे पूछताछ किया गया तो अपने बारे में सही से जानकारी नही दे पा रही थी। शक के अधार पर इसकी सुचना ICP समवाय प्रभारी रुपईडिहा को दी गयी। तत्पश्चात समवाय प्रभारी ICP रुपईडिहा द्वारा गहनता से पूछताछ किया गया तो अभियुक्त ने अपना नाम महित परियार उम्र 19 वर्ष पिता राम बहादुर परियार पता गाँव पालिका नौबहिनी वार्ड संख्या 01 जनपद झिमरुखतिम राष्ट्र नेपाल बताया। लड़की से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजना परियार पिता रमेश परियार उम्र 17 वर्ष पता गाँव अहलखोला थाना मछी जनपद झिमरुखतिम राष्ट्र नेपाल बताया। उक्त पुरुष से लड़की के बारे में पूछने पर माहित परियार नेपाली ने बताया कि वह जालंधर में एक कम्पनी में काम करता है तथा 01 दिसम्बर 2024 को अपने घर आया था, और उक्त लड़की से 15 दिन पहले मुलाकात हुआ और हम दोनों नेपाल से भारत जा रहे है और वहा जाकर शादी करेगे। शादी करने के लिए जालंधर (पंजाब) लेकर जा रहा हूँ। इस विषय में लड़की से पूछा गया तो उसने बताया कि मै इनके साथ जालन्धर जा रही हूँ, वहाँ पर मेरे मम्मी पापा रहते है। फिर से पूछने पर लड़की ने बताया कि माता-पिता नेपाल में रहते है और पूछताछ के दौरान संतोषजनक जबाव नही मिला। लड़की के पास कोई पहचान पत्र नही पाया गया और पीडिता के घरवालो से फोन पर संपर्क नही हो पाया। उक्त मामला मानव तस्करी का प्रतीत होने के कारण उक्त पुरुष को नेपाल पुलिस और नाबालिग लड़की को नेपाल पुलिस की उपस्थिति में नेपाल NGO आशीष सामजिक सेवा नेपाल के सुपुर्द कर दिया गया।

## 11 हजार पोल में टकराई स्कॉर्पियो, पोल टूटा, रखी गुमटी के उड़े परखच्चे

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के अंतर्गत कुंडासर पयागपुर जाने वाली मार्ग पर स्थित भकला चौराहा में बीती रात 8 बजे एक सकर्पियो गाडी अनियंत्रित होकर 11 हजार लाइन पोल में टकरा गयी। पोल टूट गया तारों की टकराने की चमक से लोग सहम गए बड़ी दुर्घटना होने से बची। साथ ही में सड़क किनारे रखे गुमटी को भी उड़ा दिया गुमटी टूट गयी सड़क के किनारे फैले अतिक्रमण की वजह से दुर्घटना घटी ।कार चालक खुशी पुत्र कैलाश वर्मा निवासी नकौड़ा थाना फखरपुर व उनके साथ में बैठे सुभाष वर्मा पुत्र छेदी राम घायल हो गए। इसी मार्ग पर एक दिन में सैकड़ों गन्ना ट्राली निकलती है सड़क किनारे अतिक्रमण होने से जाम की स्थिति बन जाती है कभी कभी इससे घटना घटित हो जाती है। प्रशाशन को अतिक्रमण हटवाकर सड़क को साफ कराना चाहिए वरना किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है ।पोल टूटने से रात से ही कई गावों में बिजली गुल रही है लोगों के बिजली संबंधित कार्य बाधित रहा जेई अनिल कुमार भारती ने बताया की पोल गड़वाया गया है कार्य चल रहा है जल्द बिजली लोगों को मिलेगी।

# नेपालगंज में आगामी शनिवार को होगी साइकिल दौड़ प्रतियोगिता

## रूपईडीहा पत्रकार संघ एवं नेपाल पत्रकार महासंघ के पत्रकारों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। नेपालगंज साइकलिंग क्लब द्वारा नेपालगंज के बीपी चौक स्थित सोनाखरी रेस्टोरेंट में एक पत्रकार सम्मेलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नेपालगंज साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सापकोटा ने बताया कि नेपालगंज साइकलिंग क्लब द्वारा सातवां मेयर उप राष्ट्रीय साइकिल दौड़ प्रतियोगिता 2081 आगामी 21 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के कोने-कोने से साइकिलिंग करने वाले खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसकी शुरूआत बीपी चौक स्थित महानगरपालिका कार्यालय से होकर कोहलपुर होते हुए फिर वापस उप महानगरपालिका कार्यालय के पास इसका समापन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपालगंज अप महानगरपालिका के उप चेयरमैन कमरुद्दीन राई ने किया एवं संचालन नेपालगंज साइकलिंग क्लब के सचिव इंद्र कुमार गिरि ने किया। कार्यक्रम में अभी जल्दी ही संपन्न हुए नेपाल पत्रकार महासंघ में चुनाव जीतकर आए हुए नेपालगंज अध्यक्ष शुक्र ऋषि चौलागाई सहित संगठन के सभी सदस्यों को दुशाला ओढ़ाकर नेपालगंज साइकलिंग क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। इसी के साथ भारतीय क्षेत्र के पत्रकार रूपईडीहा निवासी रुपईडीहा पत्रकार संघ के संरक्षक शेर सिंह कशौधन, संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, सोशल मीडिया प्रभारी महबूब अहमद को भी सम्मानित किया गया।

## शैक्षिक मानकीकरण हेतु तीन दिवसीय असिसमेंट का हुआ शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। विद्याभारती के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश के अनुक्रम में सरस्वती विद्या मन्दिर बेहड़ा-खैरीघाट, बहराइच के शैक्षिक मानकीकरण के लिए तीन दिवसीय असेस्मेंट का कार्य का शुभारम्भ घनश्याम सिंह चौहान प्रबन्धक व अध्यक्ष जनशिक्षा समिति ने मॉ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन के साथ विनोद कुमार पाठक जिला मन्त्री जनशिक्षा समिति तथा शान्ती कुमार प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मन्दिर बनवीर पुर, विद्यालय के सदस्य एवं जनशिक्षा समिति के ग्रामीण शिक्षा प्रमुख उग्रसेन सिंह चौहान ₹बन्धु₹ सदस्य मिश्र ने सामूहिक रूप से आरम्भ किया। तीन दिवसीय असेस्मेंट में 18, 19 एवं 20 दिसम्बर को चलने वाले कार्यों में विद्यालय के शैक्षिक, आर्थिक, भवन, पत्राजात, आचार्य, समिति के सरकारी मानकों के क्रम में विद्यालय में पायी जाने वाली न्यूनता को दूर कर विद्यालय को उच्च क्षमता वान प्रतिष्ठित करने में बल मिलेगा। विभिन्न परिस्थितियों के पड़ताल के क्रम में विद्यालय के पूर्व क्षात्रों, प्रधानाचार्य, आचार्य, कर्मचारी, अभिभावकों, विद्यालय के प्रबन्ध समिति के साथ बैठकें जारी रही और विद्यालय के मुख्य बिन्दुओं को दृष्टिगत चर्चा परिचर्चा करते हुए बताया गया कि तीन दिवसीय परीक्षण की रिपोर्ट शान्ती लाल गुत्था फाउण्डेशन मुंबई भेजा जाएगा। जहां से डिजिटल रिपोर्ट तीन माह के अन्दर विद्यालय को प्राप्त हो जायेगी। जिसमें लघुकालिक एवं दीर्घकालिक योजनानुसार मानकीकृत कर उच्च स्तर पर ले जाना रहेगा।

# गैर ईसाई बच्चों को सेंटा क्लाज ना बनाने की उठाई मांग

- एसडीएम व सीओ को सौंपा ज्ञापन
- विहिप के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकार को एक ज्ञापन सौंप कर आगामी क्रिसमस पर्व के अवसर पर गैर ईसाई बच्चों को जबरदस्ती सेंटा क्लाज बनाने व नृत्य करने पर रोक लगाने की मांग की है। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि इस वर्ष 25 दिसंबर को क्रिसमस दिवस मनाया जाएगा। लेकिन इसाई बच्चों के अतिरिक्त यदि गैर इसाई बच्चे को सेंटा क्लाज बनाकर नाटक या नृत्य करवाया गया तो ठीक नहीं होगा संबंधित के ऊपर विधि कार्यवाही की जाएगी इसके लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नजर बनाए हुए हैं यदि किसी सार्वजनिक स्थल / मान्यता प्राप्त या गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रबंधक द्वारा ऐसा कृत करवाया गया तो उसके ऊपर भी विधिक कार्यवाही की जाएगी और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल स्वयं कार्यवाही करने के लिए विवश होगा इसके लिए एसडीएम और सीओ को ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम से तुरंत संज्ञान लेकर अपने स्तर से विद्यालयों सार्वजनिक स्थल पर आयोजकों को निर्देशित करने की अपील की है ।इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह, अंकुर मिश्रा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद, प्रखंड मंत्री बलहा राजेंद्र कुमार पूर्ण कालिक जुगुल, खण्ड उपाध्यक्ष हरीश कुमार, कॉलेज विद्यार्थी संपर्क प्रमुख बजरंग दल राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अमरोहा में शादी समारोह में लहराए असलहे



- कई राउंड फायरिंग से फैलाई दहशत, आरोपियों की हो रही तलाश

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने का मामला सामने आया है। इस घटना से जुड़े दो वीडियो सामने आए हैं। वीडियो में साफ साफ देखा जा सकता है कि शादी समारोह में डीजे पर डांस के दौरान असलहे लहराए जा रहे हैं। अंधाधुंध पिस्टल से फायरिंग की जा रही है। फिलहाल हर्ष फायरिंग से जुड़े वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करते हुए दो वीडियो सामने आए हैं। अमरोहा नगर कोतवाली के मोहल्ला छंगा दरवाजा के बताए जा रहे है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि मोहल्ले में शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस कर रहे युवकों ने असलहे लहराए। इतना ही नहीं एक युवक ने कई राउंड हर्ष फायरिंग की। वीडियो में युवक हर्ष फायरिंग करते हुए साफ-साफ दिखाई दे रहा है। उधर शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इसके साथ ही वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# उपजिलाधिकारी ने जालसाजी कर बैनामा कराने वाले पुत्र से मां को वापस दिलाई जमीन

- एसडीएम संजय कुमार के कार्य की क्षेत्र में हो रही सराहना
- एसडीएम ने न्याय दिलाने के साथ ही महिला को भेंट किया कंबल

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक वृद्ध महिला को एसडीएम ने न्याय दिलाकर उसकी जमीन उसको वापस दिलाई महिला ने न्याय पाकर एसडीएम की तारीफ की वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी एसडीएम के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की सराहना की है। मिहींपुरवा तहसील के ग्राम पैरूआ निवासिनी विकलांग वृद्ध महिला सुषमा बेवा सतगुर यादव ने जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी को पत्र देकर शिकायत की थी कि मेरे तीन पुत्र हैं जिसमें सबसे छोटे पुत्र प्रताप पुत्र सतगुर ने आधार कार्ड में संशोधन कराने के बहाने तहसील लें जाकर मेरे हिस्से की जमीन धोखाधड़ी कर जालसाजी पूर्वक अपनी पत्नी सुनीता के नाम करा लिया तथा मेरी बैंक पासबुक राशनकार्ड आधार कार्ड अपने पास रख लिया और मुझे घर से निकाल दिया है मै पडोसी गांव में तेजपाल मौर्या के यहां गयी और उनसे पूरी बात बताई तो उन्होंने मेरे लड़के को काफी समझाया लेकिन वह मुझे घर नहीं ले गया जिससे मैं दर दर भटकने को मजबूर हूं डीएम ने विकलांग वृद्ध महिला की बातों को सुनकर उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये जिसके क्रम में एसडीएम ने महिला और उसके पुत्र को बैठाकर बातचीत की इस दौरान वृद्ध महिला के पुत्र प्रताप ने धोखाधड़ी कर बैनामा कराने की बात स्वीकार की जिसपर एसडीएम ने सुलहनामा कराते हुए विकलांग वृद्ध महिला के पुत्र से जमीन वापस करने की बात कही वृद्ध के पुत्र ने अपनी पत्नी सुनीता से वृद्ध सुषमा को जमीन का बैनामा करा कर जमीन वापस दिया एसडीएम के इस प्रकार के निर्णय को तहसील क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रहीं हैं वहीं वृद्ध अपनी जमीन वापस पाकर काफी खुश नजर आयी।

# अमरोहा में किसानों का प्रदर्शन

## आंदोलनकारियों की रिहाई की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर किसानों की आवाज बुलंद की। जिलाध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत को सौंपा। गौतमबुद्ध नगर जेल में 3 दिसंबर से बंद आंदोलनकारी किसान नेताओं की रिहाई की मांग जोर पकड़ रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अधिकारियों द्वारा प्राधिकरण की समस्याओं को लेकर गलत फीडबैक दिया जा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। किसान नेताओं ने कहा कि 2012 से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। हाजी हसीन अहमद गफ्फारी ने कहा, अगर जल्द से जल्द किसानों की रिहाई और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन को आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपते समय किसानों की भारी भीड़ नजर आई। इस मौके पर सलमान मलिक, राजपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, जहीर अहमद, मंगू त्यागी, जतिन त्यागी, शाने आलम, उस्मान चौधरी, नाजर चौधरी, कैलाश सिंह और राजपाल सिंह चौहान समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए कहा कि किसानों की मांगों को जल्द से जल्द मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। इस प्रदर्शन के बाद जिले में किसानों की एकजुटता की चर्चा तेज हो गई है। संगठन के नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक किसान नेताओं की रिहाई नहीं होती और समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# रामपुर पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर गौकश को किया गिरफ्तार

## अवैध असलहा और गौकशी उपकरण बरामद, दूसरा आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार



रामपुर, जिले के थाना पटवाई पुलिस ने शातिर गौकश मोहम्मद अजीम को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से नाजायज असलहा, कारतूस, जानवरों को काटने के औजार और घटना में इस्तेमाल की गई मोटर साइकिल बरामद की गई है। हालांकि, इस दौरान उसका साथी नादिर काला फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। घायल अजीम को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, थाना पटवाई पुलिस टीम गौकशी अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही थी, तभी जौलपुर रोड पर दो व्यक्ति मोटर साइकिल पर आते हुए नजर आए। पुलिस को देखकर दोनों ने मोटर साइकिल पटवाई की तरफ मोड़ दी, जिससे बाइक सड़क के किनारे खंथी में गिर गई। इसके बाद दोनों आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। आरोपी ने खुद को मोहम्मद अजीम, पुत्र अफसर अली, निवासी ग्राम नगलिया आकिल, थाना अजीमनगर, उम्र 25 वर्ष बताया गया।

इस दौरान मौका पाकर दूसरा व्यक्ति फरार हो गया, जिसका नाम नादिर काला निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाइंस है। पूछताछ में अजीम ने बताया कि वह और उसका साथी नादिर काला बीते दिनों थाना पटवाई के ग्राम नईमगंज में गौकशी की घटना को अंजाम दे चुके थे, और उसके अवशेष वहीं पर दबा दिए थे।

# सुल्तानपुर में मनाया गया पेंशनर्स दिवस

## स्व. डीएस नाकरा को किया याद, समस्याओं का तुरंत कराया निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, अपर जिलाधिकारी एस. सुधाकरन और वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविंद कुमार सिंह की मौजूदगी में पेंशनर दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें आए हुए पेंशनरों ने अपनी समस्याओं को सामने रखीं, जिसका त्वरित निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सुल्तानपुर के वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने मीडिया से बताया कि आज पेंशनर दिवस को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त पेंशनरों के सम्मान में हर साल पेंशनर दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की वजह है कि 1982 को सुप्रीम कोर्ट ने पेंशनभोगियों को सम्मान और शालीनता की गारंटी देते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इस फैसले के जरिए पेंशनभोगियों को सामाजिक-आर्थिक न्याय दिलाने की कोशिश की गई थी। इस दिन को मनाने की एक और वजह है कि स्व. डीएस नाकरा ने इस फैसले के लिए कई सालों तक संघर्ष किया था। उन्होंने समुदाय को सम्मान और शालीनता दिलाने के लिए बहुत मेहनत की थी। 17 दिसम्बर को इस दिन को हम लोग स्व. डीएस नाकरा साहब की याद में भी पेंशनर दिवस के रूप में मनाते हैं।

# पति-पत्नी, 2 बेटियों की हादसे में मौत

## मुरादाबाद में बोलेरो ने 4 को कुचला, सड़क पार करते समय गई जान

अमन लेखनी समाचार



मुरादाबाद, दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बोलेरो ने सड़क पार कर रहे परिवार को कुचल दिया। हादसे में पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई। वहीं, बोलेरो के ड्राइवर और उसमें सवार महिला को गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद बोलेरो डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे पाकबड़ा थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बोलेरो सवारों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क पर बिखरी पड़ी लाशों को उठाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के आगे का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। गाड़ी की छत भी आधी सिकुड गई। पाकबड़ा इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे पुलिस को एक्सीडेंट की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अमरोहा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने दो मासूमों समेत 4 लोगों को रौंद दिया। मरने वालों में रामपुर के गंज थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव के फुरकान (35 साल), पत्नी सीमा (30 साल) और पांच एवं ढाई साल की दो बेटियां हैं। सतेंद्र सिंह ने बताया कि पाकबड़ा के गांव रतनपुर कला में सीमा का मायका है। सीमा अपने पति और बच्चों के साथ अपने मायके आई थी ।वह कुछ खरीदारी करने के लिए पति और बच्चों के साथ पाकबड़ा बाजार में गई थी। तभी सड़क पार करते समय यह हादसा हो गया। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। जिसके बाद क्रेन बुलाई गई। क्रेन से बुलेरों को हटवाया गया।

# संक्षेप

## बागपत में किराना दुकान जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बागपत के बड़ौत कस्बे के मेन बाजार स्थित ठाकुरद्वारा मार्केट में एक किराना व्यापारी की दुकान में बीती रात भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड को तीन गाड़ियां मौके पर भेजनी पड़ी और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। मौके पर मौजूद सभासद गौरव तोमर ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन यह दूसरी बार है जब इस व्यापारी की दुकान आग की चपेट में आई है। इस कारण से यह भी संभावना जताई जा रही है कि आग लगने के पीछे किसी की साजिश हो सकती है। घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के मेन बाजार स्थित ठाकुरद्वारा मार्केट में संदीप जैन नामक किराना थोक व्यापारी की दुकान में हुई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही घंटों में पूरी दुकान जलकर खाक हो गई और व्यापारी को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। तीन फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक व्यापारी की दुकान का सारा सामान जल चुका था। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने कहा कि व्यापारी की दुकान में आग लगने की सूचना मिली है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल, तहरीर प्राप्त नहीं हुई है और जांच जारी है।

## भाकियू चढूनी का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, भाकियू चढूनी कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा दिए गए धरने से बुलंदशहर में आवागमन बाधित हो गया। लगभग 5 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। किसान अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ट्रैक्टरों पर सवार होकर कलेक्ट्रेट गेट पहुंचे किसानों ने अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया। एमएसपी की गारंटी, गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने, आवारा पशुओं को पकड़वाए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों ने कलेक्ट्रेट गेट पर जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मांगों को लेकर किसान कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठ गए। किसानों के बीच पहुंचे अधिकारियों ने वार्ता की। किसानों को समझा-बुझाकर शांत कराया। किसानों ने अपनी मां को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों के साथ ट्रैक्टरों पर सवार होकर बुलंदशहर पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रदर्शन करने के चलते बुलंदशहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। गंतव्य तक पहुंचाने के लिए राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# दाहसंस्कार के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर नोंकझोंक

## एक दूसरे पर लगाया हत्या करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गुरुवार को गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर मोक्ष धाम पर प्रभात पांडेय के दाह संस्कार के दौरान शव पर सियासत शुरू हो गई। दाह संस्कार के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए आपस में भिड़ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का रास्ता भी रोक दिया। लेकिन कांग्रेसियों ने दूसरे रास्ते से शव को पहुंचा दिया। इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकताओं में जमकर धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस ने किसी तरह से बीच में आकर मामले को बढ़ने से रोकने में सफल हुई। गीडा थाना क्षेत्र के देईपार निवासी 28 वर्षी प्रभात पांडे बुधवार को लखनऊ में कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में शामिल होने गए थे। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में उनको मृत घोषित कर दिया गया। प्रभात पांडे की मौत पर कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक गरमा गई। कांग्रेस के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। गुरुवार को मृतक प्रभात पांडे का शव दाह संस्कार के लिए कालेश्वर के मोक्षधाम पर लाया गया, जहां शव पहुंचते ही अधिक संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। भाजपा कार्यकताओं को देखकर कांग्रेसी भड़क गए और आमने-सामने होकर एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी के दौरान दोनों पार्टी के कार्यकताओं में धक्का मुक्की होने लगी। इस दौरान कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंच गए। अजय राय को देखते ही भाजपा के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करते हुए वापस जाओ का नारा लगाने लगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता भी भाजपाइयों से भिड़ गए और मामला बढ़ते देख पुलिस दोनों के बीच में आकर समझने की कोशिश करने लगी लेकिन तभी कांग्रेसी कार्यकताओं ने दूसरे रास्ते से प्रदेश अध्यक्ष को शव के पास श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचा दिया। फिर से दोनों कार्यकताओं में धक्का मुक्की होने लगी लेकिन पुलिस ने किसी तरह से मामले को संभालते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। दाह संस्कार के दौरान मोक्ष धाम पर काफी गहमा गहमी रही और अधिक संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## दुकान का ताला तोड़ कर करीब एक लाख की चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के साथीपार निवासी एक दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखा नकदी और सामान चुरा ले गए है। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के साथीपार निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व रामदरश जिसका केवला सुंदरा में दुकान है। 4 दिसंबर की रात्रि में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा 10 हजार रुपया,हेलमेट,हीटर वर्तन कपूर भीम सेनी,इकीस हजार पांच सौ का सादा कपूर, है सादा गत्ता करीब 15 हजार का चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सीएम से मिले विधायक, क्षेत्र के विकास पर हुई चर्चा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल ने गुरूवार को लखनऊ में सीएम योगी से औपचारिक मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।क्षेत्र के विकास कार्यो पर विस्तार से चर्चा भी किए। विधायक ने बताया सीएम योगी से मुलाकात के दौरान सहजनवा के समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा हुई।जिसपर सीएम ने उन्हे आश्वासन दिया कि सहजनवा विधान सभा के विकास में किसी प्रकार कमी नही होगी।जो विकास कार्य की जरूरत होगी,उसे पूरा किया जायेगा।आगें बताया कि उन्होनें गीडा के औद्योगिक विकास, मार्ग, विद्यालय,व अन्य हुए विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए जानकारी लेकर सुझाव भी दिए।

# विनोद कुमार दूसरी बार मनोनीत हुए सुलह अधिकारी दी बधाई



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील में कार्य देख रहे विनोद कुमार मिश्र एड़ोकेट को शासन के निर्देश पर दूसरी बार सुलह अधिकारी मनोनीत किया गया है। जिसका नियुक्ति पत्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सौंपा है। सुलह अधिकारी नियुक्ति होने पर सांसद रवि किशन, विधायक प्रदीप शुक्ल,जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, डा आरडी सिंह, समरेंद्र प्रताप सिंह,अश्वनी त्रिपाठी,उदयभान सिंह,नरेंद्र शुक्ल,इंद्रेश प्रसाद,जयंत सिंह,गोपाल गुप्ता सहित अनेक लोगों ने बधाई दिया है।

# संपत्ति हड़पने की लालच में अभियुक्त ने भाई का किया था हत्या

## पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के तिलौरा निवासी ढेला दुबे पुत्र ब्रह्मदेव दुबे 40 वर्ष की सिसई के पास राप्ती नदी के किनारे पुलिस ने संदिग्ध परिस्थित में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करना शुरू किया। जांच में मृतक के भाई ने संपत्ति हड़पने की लालच में भाई की हत्या करने का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस अभियुक्त के तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को एसओ विशाल उपाध्याय ,कास्टेबिल चालक शमशेर बहादुर पाल,,गोविंद यादव, प्रवीण सिंह संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि भाई के हत्या करने वाला अभियुक्त छोटू दुबे पुत्र स्व ब्रह्मदेव दुबे तिलौरा तिराहे पर मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## रास्ते के विवाद को लेकर मनबढ़ ने सबल से किया हमला हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के जालहेपार निवासी एक 55 वर्षीय अधेड़ को गांव का एक मनबढ़ रास्ते के विवाद को लेकर सबल से हमला कर घायल कर दिया। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के जालहेपार निवासी स्वामीनाथ यादव पुत्र स्व बंशू यादव के मकान के सामने प्रधान द्वारा रास्ते का निर्माण कराया जा रहा था। उसी दौरान गांव का एक मनबढ़ रास्ते में आकर खूंटा गाड़ दिया। और कार्य को रोक दिया। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी सबल से मारकर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पीड़ित को सीएचसी सहजनवा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी विशाल उपाध्याय ने कहा की तहरीर मिली है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जायेगा।

# बिजली के खंबे के नीचे दबा युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सराय मोहन सलेमपुर मजरे मंडा सराय निवासी 25 वर्षीय युवक सुखराम पुत्र कमल पासवान की बिजली के खंबे के नीचे दब जाने से मौत हो गई विश्वसनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने घर के पास रास्ते के किनारे खड़ा था जहां सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने गाड़ी को अनियंत्रित कर बिजली के खंभे में टक्कर मार दी जिससे खंबा टूट गया और नीचे खड़े युवक के ऊपर गिरा आनन फानन मोहल्ले के लोग दौड़े परंतु युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी यह दृश्य देख मृतक की पत्नी मंजू समेत परिजनों में कोहराम मच गया जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पत्नी के साथ पहुंची मां शारदा पिता सुखराम भाई विमल बहन ऊषा आशा निशा मनीषा तथा मानसी समेत परिजनों का बुरा हाल हो गया वहीं जानकारी मिली कि मृतक का विवाह पिछले वर्ष हुआ था जिसके चार माह का एक बेटा भी है जो अनाथ हो गया इस हादसे से पूरा गांव शोकाकुल हो उठा थरियांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय से जानकारी ली गई जहां उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वही ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है



# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीएसए द्वारा पुरस्कृत हुए बच्चे

## प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर के बच्चों ने फहराया परचम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण अंतर्गत पीएम श्री योजना में चयनित विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई परिसर अंतर्गत पहुंची जनपद की बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी ने ध्वजारोहण करते हुए खेल भावना की शपथ दिलाई तथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जनपद के सभी विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम लंबी को दौड़ कला प्रतियोगिता इत्यादि में प्रतिभाग किया जहां जनपद के मलवा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर के बच्चों का सराहनीय प्रदर्शन रहा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कला प्रतियोगिता में रोशनी 200 मीटर रेस में जानवी 100 मीटर में पंकज तथा आदित्य आदि ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा उनके साथ जिला समन्वक अशोक त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी जिला व्यायाम शिक्षक इत्यादि विशिष्ट लोगों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी ने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के बच्चों एवं अपनी कड़ी मेहनत से बच्चों के भविष्य को संवार रही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला की सराहना की प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की प्रधानाध्यापिका ने जनपद के सभी अधिकारियों समेत बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

# बागपत पुलिस ने आंसू गैस गोले छोड़ने का किया अभ्यास

## धुएं के गुब्बारे से परेशान हुए ग्रामीण, स्कूलों में करना पड़ा अवकाश

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पुलिस लाइन में पुलिस द्वारा आंसू गैस गोले छोड़ने का अभ्यास किया गया, जिससे समीप स्थित निवाड़ा गांव में धुएं का गुब्बारा फैल गया और गांववासियों को काफी परेशानी हुई। इस दौरान बच्चे और बुजुर्ग सांस लेने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। घबराए हुए ग्रामीणों ने अपने मुँह पर कपड़े बांधकर किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि कई लोग आंखों में जलन की शिकायत करने लगे। जानकारी के अनुसार, आंसू गैस के गोले छोड़ने के बाद गांव के स्कूलों में धुंआ इस कदर फैल गया कि स्कूलों में छुट्टी करनी पड़ी। धुएं का गुब्बारा पूरे गांव में फैल गया और इसके बाद स्कूल प्रशासन को बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। करीब एक घंटे तक यह स्थिति बनी रही, जिसके बाद हालात सामान्य होने पर बच्चों को फिर से स्कूल बुलाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद भी बागपत के उच्च अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिस पर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना था कि अगर प्रशासन समय रहते ध्यान देता तो इस स्थिति से बचा जा सकता था। जमील नामक एक स्थानीय निवासी जमील ने बताया, ₹धुआं अचानक गांव में आया और एक घंटे तक हमें काफी दिक्कतें हुईं। बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में काफी मुश्किल हुई, हम सभी ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन धुआं काफी परेशान कर रहा था।₹ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह सब प्रशासन की लापरवाही के कारण हुआ। कई लोगों का कहना था कि अगर अधिकारी समय रहते गांव में पहुंचते और समस्या का समाधान करते, तो हालात बेकाबू नहीं होते। एक घंटे तक बच्चों को स्कूल से छुट्टी देने के बाद स्थिति सामान्य हुई। स्कूल के अध्यापकों ने राहत की सांस ली, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा के लिए उनका स्कूल बंद करना आवश्यक हो गया था।

स्कूल में बच्चों की वापसी के बाद शिक्षा का कार्य फिर से शुरू हुआ।

# बुलंदशहर में धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा

## 1200 महिलाओं ने लिया भाग, अनिरुद्धाचार्य महाराज करेंगे भागवत कथा

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, सिकंदराबाद नगर में मां भगवती जागरण समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा चैंबर की धर्मशाला पर विधायक लक्ष्मी राज सिंह व नगरपालिका के चेयरमैन डॉक्टर प्रदीप दीक्षित और पंडित सचिन शर्मा द्वारा नारियल फोडकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु महिला ने चेंबर की धर्मशाला कलश यात्रा निकली। यात्रा चैंबर की धर्मशाला से शुरू होकर विजय द्वार, चौधरीवाडा बाजार, बड़ा बाजार, हनुमान चौक, कबाड़ी बाजार, एस इंटर कॉलेज, कायस्थवाड़ा होते हुए किशन तालाब स्थित कथा स्थल पर समापन हुई। इसमें दिल्ली से जिया बैंड, इस्कॉन मंडली, नंदी पर सवार शिव पार्वती, कासगंज के अघोरी मंडल, फूलों में सजे राधा कृष्ण, खाटू श्याम जी एवं राम परिवार, महाकाल बाबा का भांग धतूरा बेलपत्र और तुलसी पत्तों से अद्भुत अधार्नेश्वर श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। कलश यात्रा के बाद दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक सुप्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज जी कथा का वाचन करेंगे।

# कैफे में गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

## स्कॉर्पियो कार में तोड़फोड़, दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल समेत 6 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के कैफे में गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। कैफे में शुरू हुई मारपीट बाहर तक आ गई। जिसके बाद एक पक्ष की स्कॉर्पियो कार तोड़ दी गई। पुलिस की तरफ से इस मामले में मुकदमा लिखा गया है। दोनों तरफ से 6 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें दिल्ली पुलिस का एक हेड कांस्टेबल भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में 80 फूटा रोड पर क्रिस्टल कैफे है। देर रात कैफे में गाना बज रहा था। गाना बदलने को लेकर दो पक्षों में पहले कहासुनी हुई। उसके बाद हाथापाई, मारपीट में बदल गई। मारपीट कैफे में शुरू होकर बाहर तक आ गई। एक पक्ष की स्कॉर्पियो कार भी दूसरे पक्ष ने तोड़ दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने आई। जिसके बाद पुलिस की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार में एक हेड कांस्टेबल भी है जो दिल्ली पुलिस के नार्थ ईस्ट जिला के शास्त्री पार्क में तैनात हैं।

# व्यापारी के घर से 80 तोला सोना चोरी का मामला

## दोनों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किए 11 लाख रुपए

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, तिबड़ा मार्ग स्थित आर्य नगर कॉलोनी में व्यापारी के घर की अलमारी से 80 तोला सोना चोरी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ग्यारह लाख रुपए बरामद किए है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गत 23 नवम्बर को आर्य नगर कॉलोनी निवासी राम अग्रवाल ने मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके घर में बनी अलमारी से 80 तोला सोना व दो किलो चांदी चोरी हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दो दिन पहले पुलिस ने मेरठ निवासी समीर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लाख रुपए कीमत के जेवरात बरामद किए थे। उसने बताया था कि मेरे पिता ने जेवरात बेचकर एक प्लॉट खरीदा था और बाकी रकम भी उनके पास है। एसीपी ने बताया कि सुबह के समय पुलिस ने समीर के पिता मोहम्मद उमर निवासी समर गार्डन थाना लिसाड़ी गेट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उमर के पास से ग्यारह लाख रुपए की नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि समीर ने राम अग्रवाल के घर पर कारपेंटर का काम किया था। इसी बीच उनकी नियत बदल गई और उसने अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ली। इसके मोदीनगर के गांव एमपी सिखैड़ा में एक सप्ताह पूर्व ट्यूवबैल से चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सामान बरामद किया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव एमपी सिखैड़ा अशोक त्यागी के ट्यूबबैल से विघुत मोटर चोरी हुए थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया था। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका : डॉ. अमित सिंह

## परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के साथ ही हर सेवा की रिपोर्टिंग एचएमआईएस पोर्टल पर जरूर करें

**स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया के सहयोग से निजी अस्पतालों के साथ बैठक**

अमन लेखनी समाचार

वाराणसी । निजी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने बृहस्पतिवार को 34 निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर संवाद किया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वयंसेवी संस्था द चैलेंज इनिशिएटिव-पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से यह संवेदीकरण बैठक आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम से समुदाय को जोड़ने में निजी क्षेत्र के अस्पताल अहम भूमिका निभा सकते हैं। परिवारों के योग्य दंपति को ह्यबॉस्केट ऑफ च्वाइसह्व के सभी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उसकी रिपोर्ट भी स्वास्थ्य विभाग से जरूर साझा की जाए। उन्होंने निजी अस्पतालों से अपील की कि वह परिवार नियोजन की सेवाओं को सुदृढ़ बनाएं और प्रत्येक सेवा की रिपोर्टिंग अवश्य करें ताकि जिले में परिवार नियोजन सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके और जिले का सूचकांक को बेहतर बनाया जा सके। निजी और सरकारी क्षेत्रों का सही आंकड़ा मिलने से नीति निमार्ताओं को भी आवश्यकतानुसार कदम उठाने में मदद मिलती है और इससे परिवार नियोजन सेवाएं और सुदृढ़ बनायीं जा सकती हैं।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ. सिंह ने



कहा कि परिवार नियोजन से सम्बन्धित आईईसी सामग्री (पोस्टर-बैनर) को निजी चिकित्सालयों में निर्धारित स्तर पर प्रदर्शित किया जाए और काउंसिलिंग के दौरान उनका इस्तेमाल किया जाए। परिवार कल्याण सेवाओं को हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर हर महीने निश्चित रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। परिवार नियोजन सेवाओं का रिकार्ड रजिस्टर अपडेट रखा जाए।

बैठक में पीएसआई इंडिया संस्था प्रतिनिधि कृति पाठक ने बैठक के उद्देश्य के बारे में बताया और उपस्थित लोगों का स्वागत किया। पीएसआई इंडिया की शुभ्रा त्रिवेदी ने परिवार नियोजन को बढ़ावा देने वाले तीन उच्च प्रभावी हस्तक्षेप-प्रसव पश्चात परिवार नियोजन, क्षमता वृद्धि, आंकड़ों पर आधारित निर्णय लेना आदि के बारे में बताया। डाटा मैनेजर ने निजी चिकित्सकों का हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल का डाटा प्रदर्शित किया।

डॉ . अमित सिंह ने कहा कि फैमिली प्लानिंग रजिस्टर में निजी क्षेत्र के सेवा प्रदाता अपना रिकॉर्ड मेंटेन करें और उसे ही स्वास्थ्य विभाग को पोर्टल के जरिये भी भेजें। उन्होंने बच्चे की चाहत न रखने वाले दंपति को आईयूसीडी, कंडोम, छाया, अंतरा, माला एन जैसे किसी न किसी साधन का इस्तेमाल करने का परामर्श देने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह पहुंच बनाने में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका है । उन्होंने कहा कि हरहाल में निजी अस्पतालों से माह की 25 तारीख तक रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड होनी चाहिए। वाराणसी प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी ने परिवार नियोजन के तीन उच्च हस्तक्षेप को अपनाने की अपील की और रिपोर्ट की गुणवत्ता और शून्य रिपोर्ट न देने के बारे में अपील की। बैठक में परिवार नियोजन की बेहतर सेवाएं देने, समय पर रिपोर्ट देने, रिकार्ड रजिस्टर पूरा रखने, प्रसव पश्चात परिवार नियोजन परामर्श और सेवा प्रदान करने और जनपद से डिलीवरी और बच्चों के टीकाकरण की रिपोर्ट देने के लिए अपील की गयी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में वाराणसी प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी हरवंश यादव ने जन्म और मृत्यु की रिपोर्टिंग करने के साथ ही सीआरएस पोर्टल के बारे में बताया। बैठक में 34 निजी अस्पतालों की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों सहित स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम मौजूद रही।

### अलग अलग तीन घटनाओं में तीन महिलाएं सीएचसी में भर्ती, एक रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों को प्राथमिक उपचार हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के उपरांत एक महिला की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिरका गांव निवासी जय श्री पुत्री मुन्ना ने अज्ञात कारणों से अनाज को सुरक्षित रखने वाली गोलियां खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। दूसरी घटना में मलका बानो पत्नी हामिद खान निवासी मदारपुर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर अवस्था में घायल हो गयी। उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। तीसरी घटना में शबाना 35 वर्ष पत्नी अजीम निवासी नरायच ने अज्ञात कारणो से घर में रखी चूहा मार दवा खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन फानन उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### काकोरी कांड के शहीदों की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान में काकोरी कांड के शहीदों पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां एवं रोशन सिंह की पुण्यतिथि मनाकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि काकोरी कांड के बलिदानी सही अर्थों में मां भारती के सच्चे सूरमा थे। अंग्रेजों से लडने के लिये अर्थ की आवश्यकता थी। स्वतंत्रता सेनानियों के पास धनाभाव था। फलतः इन वीरों ने राजनैतिक डकैतियां डाली। उन्हीं में से एक काकोरी ट्रेन केस भी था। लखनऊ के पास काकोरी स्टेशन मे दस क्रांतिकारियों ने ट्रेन मे डकैती डाली। जिसमें 40 क्रांतिकारियों पर मुकदमा चला।

# औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम.ओ.यू. क्रियान्वयन समिति की डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आज औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों/व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने/कराने के साथ ही उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में आज जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में भूखंड संख्या 8 सेक्टर 21 पर अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने, होटल जेएस रेजिडेंसी के प्रकरण, औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पार्किंग व्यवस्था, गौरीशंकर डेयरी के विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाए जाने के प्रकरण पर चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में ए-1 चौराहे से ए-13 चौराहे तक सर्विस रोड निर्माण की समीक्षा कर सम्बन्धित को यथोचित कार्यवाही शीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित करने के निर्देश दिए। बैठक में निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं उसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों/व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा। बैठक में सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र सहित संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

### किसान नहर से सिंचाई कर लें एंव जल का अपव्यय न करें

अमन लेखनी समाचार

अमेठी शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता (नोडल) मनीष रंजन ने बताया कि जनपद अमेठी में नहरों की सिल्ट सफाई के उपरान्त शाहमऊ रजबहा, अमेठी रजबहा, टिकरी रजबहा, औरंगाबाद रजबहा, चिलबिला रजबहा, डीह रजबहा, नागापुर रजबहा, गोपालपुर रजबहा, जायस रजबहा, इन्हौना रजबहा एवं कल्याणपुर रजबहा में पानी का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जौनपुर शाखा तथा इससे सीधे निकलने वाली अल्पिकाओं में आवश्यकतानुसार पानी का संचालन हो रहा है एवं नहरों के कमाण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त किसान नहर संचालन के दौरान सिंचाई कार्य कर लें एवं जल का अपव्यय न करें। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सिंचाई से सम्बन्धित शिकायतों/मांगों के दृष्टिगत सिंचाई विभाग के टोल फ्री नं0 18001805450 पर किसान अपनी समस्या से भी अवगत करा सकते हैं।

## सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने 5 गरीब लोगों को दिए कृषि भूमि के पट्टे



अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर।19 दिसंबर से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर 2024 तक चलने वाले सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनसुनवाई के दौरान सदर तहसील के टिकरौली गांव के 05 भूमिहीन लोगों को 1500- 1500 वर्ग मीटर के इस प्रकार कुल 7500 वर्ग मीटर के कृषि भूमि पट्टे के अधिकार दिए तथा इसका प्रमाण पत्र लाभार्थियों को सौंपा। आज जिन 05 लोगों को आवासीय पट्टा दिया गया है उनमें गिरजा, घसीटा, सुमित्रा देवी, जगरनिया, अंगनू शामिल है।

कृषि भूमि पट्टा का प्रमाणपत्र सौंपने के पश्चात जिलाधिकारी ने इन लोगों को ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल भी दिए। तत्पश्चात उन्हें कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा स्थापित कराई गई कॉफी मशीन से कॉफी भी पिलाई गई । जिस पर यह सभी लोग अत्यधिक प्रसन्न दिखे ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों ने तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। नगर के राठ मुस्कुरा रोड पर गुंदेला गाँव के तिराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

मुस्करा थाने गुंदेला गांव निवासी स्वतंत्र सिंह (50)पुत्र भारत सिंह अपने साथी महीपत(48) पुत्र बसंत के साथ बाइक पर सवार होकर मुस्करा से वापस अपने गांव गुंदेला लौट रहा था। तभी रास्ते में गुंदेला तिराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार स्वतंत्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि महीपत को गंभीर हालत में सीएचसी मुस्कुरा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई में महीपत ने दम तोड़ दिया। मृतक स्वतंत्र के स्वजनों ने बताया कि उसके पास चार एकड़ कृषि भूमि में खेती किसानी और पशुपालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था?। मृतक अपने पीछे पुत्र सूर्य प्रताप सिंह, लाखन सिंह, पुत्री सोनाली, डोली को रोता बिलखता छोड़ गया है। वहीं मृतक महीपत के स्वजनों ने बताया कि मृतक महीपत मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। श अपने पीछे मां चंद्रवती व पत्नी राजकुमारी सहित दो पुत्रियों एवं एक पुत्र के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# एग्रीस्टैक योजना मे लगाए गए फार्मर रजिस्ट्री का डीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

अमेठी विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरीपुर में एग्रीस्टैक योजना के तहत कृषि व राजस्व विभाग द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी के लिए पंचायत भवन में कैंप का आयोजन किया गया। जिसका जिलाधिकारी निशा अनंत ने स्थलीय निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को किसानों से समन्वय कर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पाए। उन्होंने बताया कि कृषि एवं राजस्व विभाग



के कर्मचारियों द्वारा राजस्व गांवों में कैंप लगाकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होगी साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों हेतु बार-बार भौतिक सत्यापन से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से नजदीकी जन सेवा केंद्र व राजस्व गांव में आयोजित होने वाले कैंप में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लेने की अपील की है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कैंप में फैमिली आईडी बनाए जाने के संबंध में भी जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को फैमिली आईडी के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप कृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की हुई समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित



हमीरपुर ।बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि सभी मॉडल गांवो में नियमित रूप से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाए ।लोगों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग एकत्र करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी कार्य समय से पूर्ण कराएं ।कार्यों में गुणवत्ता एवं मानक का अवश्य ध्यान दें। कार्यों में वित्तीय व्यय के सापेक्ष भौतिक प्रगति अनिवार्यतः होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयों को अनिवार्यतः क्रियाशील रखा जाय तथा मानदेय का समय से भुगतान किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है अतः इस प्रकार के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा मैकेनिज्म विकसित कर सामुदायिक शौचालयो की नियमित रूप से निगरानी रखी जाए तथा समय समय पर निरीक्षण किया जाए। लोगों को इसके उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यूनिवर्सल सैनिटेशन कवरेज / ओडीएफ प्लस के अंतर्गत जनपद में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उन्हें समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाय। इस दौरान सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ,पीडी साधना दीक्षित, डीपीआरओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जांच में गर्दन फंसते ही प्रधान ने शुरू कराया निर्माण बीडीओ ने रोका

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत बड़ागांव में कार्य कराने के पूर्व धनराशि निकालकर डकार लेने की शिकायत के बाद जांच में मामला सही पाए जाने के बाद रिकवरी के आदेश होते ही प्रधान ने आनन फानन कार्य कराकर बचने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर बीडीओ ने टीम भेजकर कार्य ठप करा दिया है।

ग्राम पंचायत बड़ागांव में प्रधान हरदौल निषाद ने रामविशाल के दरवाजे से शिवराम के दरवाजे तक सीसी मार्ग का निर्माण दिखाकर धनराशि का आहरण गत मई माह में कर लिया था। इसकी शिकायत गांव निवासी रमेश निषाद ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों से की थी। शिकायत पर जिलाधिकारी ने दो सदस्यीय टीम भेजकर जांच करायी तो जांच में पाया गया कि इस रास्ते का निर्माण पूर्व में क्षेत्र पंचायत के द्वारा कराया गया था। ग्राम पंचायत ने कोई निर्माण नहीं कराया है। इसी तरह अन्य कार्य भी मौके पर नहीं पाये गये। जांच टीम ने मौके पर किसी तरह का कार्य न होने की पुष्टि के बाद जांच आख्या प्रस्तुत की थी। जांच टीम ने पंचायत में कुल 6 लाख 56 हजार 302 रुपये की धनराशि के गबन की पुष्टि की थी। जांच टीम ने पाया है कि प्रधान ने शासनादेश के विरुद्ध भाई, भतीजों, पुत्रों के नाम भुगतान किए हैं। आख्या के बाद प्रधान सहित तत्कालीन सचिव आदि को दोषी माना गया और सभी से रिकवरी की संस्तुति की गई। शिकायतकर्ता ने जांच आख्या मुख्यमंत्री को भेजकर कार्यवाही की मांग की थी। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को जांच आख्या के आधार पर मुकदमा दर्ज करने को आदेशित किया। इसी बीच रिकवरी और मुकदमे से बचने के लिए ग्राम प्रधान ने आनन फानन में कार्य शुरू कराया था। इसको खंड विकास अधिकारी ने शिकायतकर्ता रमेश निषाद की शिकायत पर टीम भेजकर कार्य ठप करा दिया है। इससे प्रधान हरदौल निषाद व जांच में फंसे सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, कंसल्टेंट इंजीनियर अनूप सोनी, अवर अभियंता महेश चन्द्र आदि में हडकंप मच गया है। ग्राम प्रधान ने आरोपों को निराधार बताया हैं।

## रेलवे पुलिस अधीक्षक ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**महाकुंभ मेला को लेकर अधीनस्थों को दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। महाकुंभ मेला के दृष्टिगत रेलवे अनुभाग झांसी के पुलिस अधीक्षक ने रेलवे स्टेशनों का आकस्मिक निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने जीआरपी बांदा के प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री व पुलिस बल के साथ महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत जनपद के रेलवे स्टेशन रागौल व भरूआ सुमेरपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत यात्रियों की यात्रा सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिये प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। साथ ही आरपीएफ एवं रेलवे से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने दोनों स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधकों व अन्य रेलवे कर्मियों से भी वार्ता की। उन्होंने कड़ी निगरानी रखते हुये प्लेटफार्मों व ट्रेनों में गश्त एवं स्कोर्ट बढ़ाएं व अतिरिक्त पुलिस बल को ब्रीफ कर महत्वपूर्ण स्टेशनों रागौल, भरूआ सुमेरपुर आदि पर ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतत्व मे सपाइयो ने अम्बेडकर पर टिप्पणी करने पर किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। बृहस्पतिवार को सपा के अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो सपाईयों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित हो उनके खिलाफ कार्यवाही का ज्ञापन एसडीएम राठ को सौंपा। इस दौरान अनेक सपाई मौजूद रहे। सपा की अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर यह साबित कर दिया है कि वह अभी पूरे देश में मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं। जो पिछड़ी, अनुसूचित व जनजाति सहित अन्य वर्गों के लिए जनहितकारी नहीं है। ऐसे में सभी समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपने समाज का निमार्ता मानते हुए देश के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राठ को देते हुए ऐसे गृह मंत्री के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इससे पहले सपाइयों ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार व सीओ राजकुमार पांडेय को बाबा साहेब का चित्र भी भेंट किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामसजीवन यादव, सपा नेत्री राजपूत चंद्रावती वर्मा, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य नौरंगा विमलेश कुमारी अहिरवार, नगर अध्यक्ष मेराज राइन, मुलायम सिंह युथ बिग्रेड के निवर्तमान जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता दानिश खान सहित अनेकों सपाई मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

यह जरूरी नहीं कि ध्यान करने के लिए कोई एक निश्चित शारीरिक स्थिति या विधि ही प्रभावी होती है। इसके कई प्रकार दुनिया भर में प्रचलित है। आप इनमें से किसी को भी चुन सकते है। लेकिन ध्यान करते समय कुछ सावधानियां भी जरूर बरतें।

निरोगी जीवन

शिखर चंद जैन

## अत्यंत लाभकारी है ध्यान का हर स्वरूप



अकसर ध्यान के प्रति आम धारणा यही होती है कि यह एक तरह का आसन होता है, जिसमें आंख मूंदकर पद्मासन में बैठ जाते हैं या फिर डीप ब्रीदिंग करते हैं। वास्तव में ध्यान के कई प्रकार होते हैं, जिनमें से कुछ को विभिन्न आवश्यकताओं के अनुसार डिजाइन और डेवलप किया गया है। यहां आपको बता रहे हैं मेडिटेशन के कुछ अलग-अलग स्वरूपों के बारे में।

**ताई ची मेडिटेशन:** इस प्रकार के ध्यान को मेडिटेशन इन मोशन भी कहते हैं। यह एक आसान मेडिटेशन है, जिसे कोई भी, कहीं भी कर सकता है। इसे मूल रूप से एक मार्शल आर्ट के रूप में विकसित किया गया था। लेकिन अब यह तनाव को कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने वाली ध्यान तकनीक है। खड़े होकर ताइची का अभ्यास करना हो तो पैरों को कंधे की चौड़ाई तक फैलाकर खड़े हो जाएं। पैर के अंगूठे सीधे सामने की ओर होने चाहिए और घुटने थोड़े मुड़े हुए होने चाहिए। कूल्हों को आगे की ओर ले जाते हुए कंधों को नीचे और आराम से रखें और सिर ऊपर उठाकर नाक से गहरी सांस लें। आंखें बंद करके या थोड़ी देर खुली रखकर इसे जारी रख सकते हैं।



**नोटिंग मेडिटेशन:** हमारे विचलित मन को नियंत्रित करने में कौन सी चीज मददगार है? इन्हें पहचान कर नोट करना और अपनी सर्वोत्तम क्षमता के साथ उनका उपयोग करना ही नोटिंग मेडिटेशन है। बस यही प्रैक्टिस करनी है कि जो हो रहा है, उसे होने दें और अपना मेडिटेशन जारी रखें। दिमाग को इतना संयत कर लेना मन की शांति के लिए काफी है। इसी तरह मन को विचलन से दूर ले जाने के लिए दूसरी चीजों पर फोकस करके उसे शांत करना भी इस तरह के मेडिटेशन का एक हिस्सा है।

**मंत्र मेडिटेशन:** मंत्र मेडिटेशन बहुत प्राचीन ध्यान विधि है। इसमें किसी ध्वनि की बारंबार पुनरावृत्ति से मन को शांत और केंद्रित किया जाता है। यह कोई शब्द, वाक्यांश या ध्वनि भी हो सकती है। जैसे 'ओम' अत्यंत प्रभावकारी मंत्र है। जब आप अपनी संपूर्ण मानसिक ऊर्जा इसके उच्चारण में लगाकर पूरी तरह इसमें लीन हो जाते हैं तो मन मस्तिष्क और हृदय की गहराई तक सकारात्मक कंपन महसूस करते हैं। पद्मासन या सुखासन में बैठकर मंत्रोच्चार करने से मन को शांति, सुकून और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

**चीगोंग मेडिटेशन:** यह एक चीनी माइंडफुल तकनीक है, जो ब्रीदिंग अवेयरनेस से जुड़ी हुई है। यह कुछ-कुछ ताई ची जैसी है। इस प्रकार के ध्यान से ची नामक ऊर्जा का प्रवाह होता है। यह जीवन ऊर्जा के दोहन और संवर्धन पर केंद्रित मेडिटेशन है। इससे पर्यावरण के साथ संबंध गहरे होते हैं, भावनात्मक संतुलन बनता है, रक्तचाप दुरुस्त रहता है। इसमें सांस लेने पर ध्यान केंद्रित करते हुए मन को ध्यान की स्थिति में रखते हैं।

**चक्र ध्यान:** यह एक अधिक गूढ़ प्रकार का माइंडफुलनेस अभ्यास है, जो हमारे शरीर में ऊर्जा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करता है। इन ऊर्जा केंद्रों को चक्र के रूप में जाना जाता है। माना जाता है कि रीढ़ की हड्डी के आधार से लेकर सिर के शीर्ष तक रीढ़ की हड्डी के साथ 7 चक्र स्थित होते हैं। इन चक्रों को हमारे शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। चक्रों की रीढ़ के साथ स्थित ऊर्जा के घूमते हुए पहियों के रूप में कल्पना की जाती है। माना जाता है कि ये चक्र हमारे जीवन के विभिन्न शारीरिक और भावनात्मक पहलुओं को नियंत्रित करते हैं, जो बुनियादी अस्तित्व की प्रवृत्ति से लेकर आध्यात्मिक रूप से जुड़ने की हमारी क्षमता तक सब कुछ प्रभावित करते हैं। इन चक्रों को सक्रिय और संतुलित करने से पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बेहतर हो सकता है। ये हमारे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चक्र ध्यान का उद्देश्य इन ऊर्जा केंद्रों के भीतर संतुलन और सामंजस्य को बढ़ावा देना है, जो सकारात्मकता बढ़ाता है, तनाव को कम करता है और हमें आंतरिक शांति प्रदान करता है।


**बॉडी स्कैन मेडिटेशन:** शरीर और मन के बीच संतुलन बिठाते हुए तनाव कम करने के लिए यह एक बेहतरीन मेडिटेशन है। इसे करने में आपको नई ऊर्जा महसूस होगी, एकाग्रता बढ़ेगी, मांसपेशियों को आराम मिलेगा और मन शांत होगा। किसी उद्यान या शांत जगह पर लेट जाएं शरीर को ढीला छोड़कर आंखें मूंद लें। अपने पैर की अंगुलियों से शुरुआत करते हुए सिर तक के शरीर के हर अंग पर ध्यान दें।

**दृश्य ध्यान:** विजुअलाइजेशन मेडिटेशन एक तकनीक है, जो सकारात्मक दृश्यों, छवियों या आकृतियों की कल्पना करके विश्राम, शांति और स्थिरता की भावनाओं को बढ़ाने पर केंद्रित है। इसमें किसी प्रिय या सम्मानित व्यक्ति को ध्यान में रखकर उनके गुणों को मूर्त रूप देने का इरादा भी शामिल हो सकता है। विजुअलाइजेशन ध्यान के दूसरे रूप में स्वयं को विशिष्ट लक्ष्यों में सफल होते हुए कल्पना करना शामिल है, जिसका उद्देश्य एकाग्रता और प्रेरणा को बढ़ाना है। *

### ये सावधानियां बरतना भी है जरूरी

- अपने लिए ध्यान के प्रकार का चयन और उसका अभ्यास शुरू करने के लिए किसी अनुभवी योगाचार्य से इसे सीख लें।
- कभी भी श्वास रोकने के लिए लंबे समय तक नाक को दबाकर रखने की गलती ना करें। इससे दम घुट सकता है और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।
- कॉफी, शराब, तंबाकू या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन ध्यान में व्यवधान पैदा कर सकता है।
- मेडिटेशन किसी भी बीमारी में चिकित्सा का विकल्प नहीं है। इसे आप पूरक या सहायक थेरेपी के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।
- किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी में चिकित्सक से सलाह लेकर ही ध्यान योग या प्राणायाम जैसी क्रियाओं का अभ्यास करें।
- ध्यान के लिए हमेशा शांत स्थान का चयन करें।

ध्यान एक बहुत सरल-सहज प्रक्रिया है, लेकिन हमारे तन को स्वस्थ और मन को ऊर्जावान बनाए रखने में यह बहुत प्रभावी है। इससे जहां कई शारीरिक रोगों के प्रभाव को रोकने में मदद मिलती है, वहीं तनाव और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी यह बहुत कारगर है। **विश्व ध्यान दिवस, 21 दिसंबर** के अवसर पर ध्यान के नियमित अभ्यास से होने वाले तमाम तरह के फायदों के बारे में यहां विस्तार से आपको बता रहे हैं।



## नियमित ध्यान से पाएं स्वस्थ तन-ऊर्जावान मन

आदिकाल से हमारे ऋषि-मुनि, आयुर्वेदाचार्य और योगी अपने चित्त को स्थिर, शांत रखने और एकाग्रता के लिए ध्यान की प्रक्रिया का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। इसे आध्यात्मिक उद्देश्यों से लेकर शरीर के आंतरिक अंगों की कार्य प्रणाली को सक्रिय-सुचारु रखने के लिए और मस्तिष्क को नियंत्रित रखने के लिए भी अपनाया जाता रहा है। ध्यान एक सर्वस्वीकार्य प्रक्रिया है, जिसे दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों और विभिन्न धर्मावलंबियों ने अपनाया है। हजारों वर्षों से इसका सफल प्रयोग किया जा रहा है। इसके अनेक फायदे हैं, जिसे महसूस करने के लिए आपको स्वयं ध्यान का अभ्यास करना होगा।

### तनाव से मिले मुक्ति

योगी, मुनि और प्राचीन चिकित्साशास्त्री ही नहीं आधुनिक युग के मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विशेषज्ञ भी तनाव मुक्ति के लिए ध्यान के महत्व को खुले दिल से स्वीकार करते हैं। दुनिया भर में हुए कई अलग-अलग अनुसंधानों के नतीजे बताते हैं कि नियमित मेडिटेशन करने से एंजायटी, स्ट्रेस और डिप्रेशन से काफी हद तक मुक्ति मिलती है। यह जॉब रिलेटेड एंजायटी, बैड रिलेशनशिप से उत्पन्न स्ट्रेस और दुर्व्यवहार या अन्य कारणों से उत्पन्न अवसाद को भी कम करने में सक्षम है।

### कई बीमारियों में दिलाए राहत

कई ऐसी बीमारियां हैं, जो हमारी दिमागी उथल-पुथल, तनाव और चिंता के कारण उग्र रूप धारण कर लेती हैं।



ऐसे में ध्यान का अनुशासनपूर्वक नियमित अभ्यास इन बीमारियों से राहत दिलाता है। उच्च रक्तचाप, इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम, पाचन संबंधी विकार, पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर और फाइब्रॉमायल्जिया जैसी बीमारियों में भी मरीज को रेग्युलर मेडिटेशन से आराम मिलता है।

### विकसित होती है सकारात्मकता

कुछ विशेष प्रकार के मेडिटेशन हमारी सेल्फ इमेज को इंप्रूव करने में मददगार होते हैं। इनका अभ्यास करने पर हमें जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में



मदद मिलती है। अध्ययन में पता चला है कि मेडिटेशन का अभ्यास करने वाले लोगों में अपनी बॉडी इमेज के प्रति किसी प्रकार की हीन भावना नहीं रहती। ये जटिल परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित रखने में सक्षम होते हैं।

### बढ़ती है आत्म जागरूकता

ध्यान के अभ्यास से स्वयं के प्रति, आस-पास के माहौल के प्रति और परिस्थितियों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ती है। सेल्फ इंक्वायरी मेडिटेशन में व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार का ही अभ्यास करता है। इसमें व्यक्ति में यह समझ विकसित होती है कि आप अपने आस-पास के लोगों, चीजों और स्थितियों से खुद को कैसे रिलेट करते हैं? 2019 में 153 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन एप का दो हफ्ते तक प्रयोग करने के बाद लोगों में अकेलेपन की फीलिंग्स घटी और सोशल इंटरेक्शन की भावना में इजाफा हुआ।

### प्रखर होती है स्मरण क्षमता

नियमित ध्यान करने वाले लोगों की याददाश्त दूसरे लोगों की तुलना में अच्छी होती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि मन को शांत रखने पर एकाग्रचित होने में मदद मिलती है। नतीजतन ऐसे व्यक्तियों की मेमोरी स्ट्रॉन्ग होती है और ये बहुत जल्दी पढ़ी, सुनी या देखी हुई चीजों को याद कर लेते हैं। साथ ही इन्हें लंबे समय तक याद रख पाते हैं। इतना ही नहीं उम्र संबंधी मेमोरी लॉस और डिमेंशिया से लड़ने में भी ध्यान से मदद मिलती है।

### बढ़ती है इच्छा शक्ति

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध में पता चला है कि आत्मनियंत्रण और इच्छाशक्ति बढ़ाने में मेडिटेशन की भूमिका बेहद प्रभावशाली होती है। मनोवैज्ञानिक केली मेकगोनिकल कहती हैं, प्रतिदिन कुछ मिनट के माइंडफुलनेस मेडिटेशन से ब्रेन के उन हिस्सों में ग्रे मैटर का निर्माण करके विल पावर बढ़ाया जा सकता है, जो इमोशंस को कंट्रोल करते हैं।

कहने का सार है कि नियमित ध्यान करने से तन-मन ही नहीं पूरे जीवन में सुधार होता है। *

### ये भी होते हैं फायदे



- मेटा मेडिटेशन (लविंग काइंडनेस) के अभ्यास से हमारा दिमाग दयालुता संबंधी विचार उत्पन्न करता है। हम क्षमाशील और परोपकारी स्वभाव के बनते हैं।
- नशा मुक्ति के मामले में मेडिटेशन के प्रयोग के आश्चर्यजनक सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं।
- अनिद्रा के शिकार लोगों ने ध्यान का प्रयोग करके इस समस्या से मुक्ति पाई है। अनेक अध्ययनों में इसके पर्याप्त प्रमाण मिले हैं।
- दर्द नियंत्रित करने के लिए दुनिया में कई सर्जन और पेन मैनेजमेंट एक्सपर्ट मेडिटेशन और संगीत का सफल प्रयोग कर चुके हैं। क्रॉनिक पेन के मामलों में भी इसका अद्भुत फायदा देखने को मिला है।

**(वेद योगशाला, लेकटाउन, कोलकाता की योग प्रशिक्षिका युविका धर से बातचीत पर आधारित)**

हेल्थ स्टडी

## एक्सरसाइज से बुजुर्गों की मेमोरी में होता है सुधार



हालांकि व्यायाम करने के कई दूरगामी स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं। लेकिन एक नई स्टडी में यह बात भी सामने आई है कि तेज चलना, डांस करना या सीढ़ियों पर चढ़ने जैसे व्यायाम आपकी याददाश्त यानी मेमोरी को बेहतर करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। इस एक्टिविटी का लाभ एक दिन तक बना रह सकता है। पिछले शोधों में यह बात सामने आई थी कि व्यायाम करने के कुछ घंटों में लोगों की याददाश्त में सुधार हो सकता है। लेकिन इसका लाभ कितने समय तक बना रह सकता है, इस बात का खुलासा नहीं किया गया था। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन यानी यूसीएल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नए अध्ययन से पता चला है कि 50 से 83 वर्ष की आयु के लोग जितना अधिक (मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि, जो हृदय गति बढ़ा सकती है) करेंगे, अगले दिन तक उनकी याददाश्त उतनी ही बेहतर रहेगी। कम समय तक बैठे रहना और 6 घंटे या उससे अधिक सोना भी अगले दिन किए गए मेमोरी टेस्ट में बेहतर स्कोर देता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिहेवियरल न्यूट्रिशन एंड फिजिकल एक्टिविटी में प्रकाशित स्टडी के अनुसार शारीरिक गतिविधि के टेंपरेरी मेमोरी लाभ पहले की तुलना में अधिक समय तक रह सकते हैं। यूसीएल में महामारी विज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल संस्थान की प्रमुख लेखिका डॉ. मिकाएला ब्लूमबर्ग ने इस बारे में बताया कि इसके लाभ व्यायाम के कुछ घंटों बाद तक ही नहीं अगले दिन तक बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक नींद लेना भी, विशेष रूप से गहरी नींद, इस स्मृति सुधार में योगदान देती है। यह स्थिति बुजुर्गों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकती है। बुजुर्गों की याददाश्त में सुधार आ सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्पावधि में व्यायाम करने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह बढ़ता है। यह नोरएपिनेफ्रीन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के स्राव को उत्तेजित करता है, जो मेमोरी इंप्रूव करने में मदद करते हैं। पहले यह माना जाता था कि व्यायाम के कुछ घंटों तक ही उसका लाभ मिल पाता है। लेकिन अब नए शोध में पाया गया कि व्यायाम से जुड़ी अन्य मस्तिष्क स्थितियां अधिक लंबे समय तक चलती हैं। साक्ष्य यह भी बताते हैं कि व्यायाम करना 72 घंटे तक मूड को बेहतर बना सकता है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**



डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब ब्लड प्रेशर में होता हो फ्लक्चुएशन

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरा बीपी कभी लो हो जाता है, कभी हाई हो जाता है। मुझे समझ में नहीं आता कि मैं किसकी दवा खाऊं? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए ताकि बीपी नॉर्मल रहे?**

**-प्रमोद, जबलपुर**

इस तरह का ब्लड प्रेशर ज्यादा खतरनाक होता है क्योंकि अचानक ब्लड प्रेशर में फ्लक्चुएशन आता रहता है। इसके उपचार के लिए आपको हार्ट विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। वे आपके ब्लड प्रेशर की रेग्युलर जांच करवाएंगे। इससे पता चलेगा कि किस समय ब्लड प्रेशर कम होता है और कब ज्यादा होता है? उसी के अनुसार दवा दी जाएगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे जोड़ों का दर्द बहुत बढ़ जाता है। हालांकि दवा मैं रेग्युलर खाता हूं। प्लीज बताएं दर्द से राहत के लिए क्या करना चाहिए?**

**-चमन लाल, अंबाला**

सर्दियों का मौसम हड्डी रोग से पीड़ित लोगों के लिए तकलीफदेह होता है। इस मौसम में दर्द बढ़ जाता है। इससे बचने का तरीका यह है कि आप एक्स्पोजर कम से कम करें। अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो पूरी तरह से कवर करने वाले वुलेन क्लॉथ पहनकर निकलें। और नहाने के लिए ठंडा पानी इस्तेमाल ना करें। खान-पान पर भी ध्यान दें, न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। ठंड के मौसम में मेरे होंठ बहुत ज्यादा फटने लगते हैं। कई बार तो होंठों से ब्लड भी आने लगता है। पेट्रोलियम जेली या लिप बाम जैसे प्रोडक्ट्स का भी कुछ खास असर नहीं होता। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**



**-अभिनव, जांजगीर चांपा**

सर्दी के मौसम में इस तरह की समस्याएं काफी लोगों में देखी जाती है, इसकी मुख्य वजह ठंडी हवा है। जब ठंडी हवा चलती है तो होंठ फटने लगते हैं। इसलिए घर से बाहर निकलने से पहले होंठों पर क्रीम जरूर लगाएं। अगर आपको साधारण क्रीम से आराम नहीं मिल रहा है तो एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह क्रीम बताएंगे, जिससे आपको आराम मिल जाएगा।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है और वेट 51 किलोग्राम। मैं 8-9 केजी वेट गेन करना चाहता हूं। इसके लिए मुझे अपनी डाइट में क्या शामिल करना चाहिए?**

**-आशीष, भिलाई**

आपने अपना वजन तो बताया है लेकिन हाइट नहीं बताई। यह जानना इसलिए जरूरी है क्योंकि हर व्यक्ति का अलग बीएमआई होता है। आप पहले अपना बीएमआई चेक करवाएं। कई लोगों का वजन बीएमआई के अनुसार ठीक होता है लेकिन देखने में वजन कम लगता है। इसके साथ ही आप अपनी डेली डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स अधिक खाएं। बेहतर होगा कि एक बार आप डायटिशियन से संपर्क कर लें। वह आपको एक निश्चित डाइट बता देंगे, जिसके अनुसार आप वेट गेन कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मेरे ब्लड में क्रिएटिनिन की मात्रा थोड़ी अधिक है। क्या मुझे प्रोटीन बिल्कुल नहीं खाना चाहिए या मिल्क प्रोडक्ट्स और अंडे खा सकता हूं? डाइट में मैं क्या शामिल कर सकता हूं?**

**-जगदीप, कोंडागांव**

आपको प्रोटीन वाली चीजें नहीं खानी चाहिए। अंगूर, स्ट्रॉबेरी, चेरी, कीवी, पपीता, अनानास, अनार, सेब जैसे फल एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिंस से भरपूर होते हैं। इसके अलावा साबुत अनाज जौ, बाजरा, और भूरे चावल फाइबर, विटामिन से भरपूर होते हैं। इनका सेवन आपको नियमित रूप में करना चाहिए। बेहतर होगा एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर अपना डाइट प्लान बनवा लें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

प्रिकॉशन

रेखा देशराज

बीते कुछ दिनों से सर्दी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कई रोगों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इस मौसम में बढ़ने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनसे बचे रहने के लिए सावधानियों के बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

## अब बढ़ रही है ठंड बरतें पूरी सावधानी



हल्की ठंड तो सभी को अच्छी लगती है, लेकिन जब ठंड का प्रकोप बढ़ता है तो इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इसलिए सर्दी बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। आइए जानते हैं कि सर्दियों में किस तरह की समस्याएं बढ़ सकती हैं और इनसे बचने के लिए कैसी सावधानी बरत सकते हैं।

**सर्दी-जुकाम-फ्लू:** जैसे-जैसे ठंड बढ़ने लगती है, ज्यादातर लोगों को सर्दी, जुकाम और फ्लू की समस्या घेर लेती है। ये भले ही बहुत खतरनाक रोग ना हों, लेकिन ये स्वास्थ्य समस्याएं हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देती हैं और यह तब गंभीर रूप धारण कर लेती हैं, जब ध्यान ना देने पर ब्रोंकाइटिस या निमोनिया जैसी समस्या में बदल जाती हैं। इसलिए जैसे ही सर्दी का प्रभाव बढ़ने लगे सावधान रहें। अच्छी तरह से गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दें ताकि इन बीमारियों से बचे रहें।

**हृदय संबंधी समस्याएं:** सर्दी बढ़ने के साथ ही शरीर की रक्तवाहिकाएं सिकुड़ने लगती हैं। नतीजतन ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। विभिन्न अध्ययनों से निष्कर्ष निकला है कि सर्दियों में हृदय संबंधी बीमारियों से मौतें सबसे ज्यादा होती हैं। इसलिए उन लोगों को, जो हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित हों, सर्दी के मौसम में भी नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए और खान-पान पर भी ध्यान दें। इन दिनों स्वस्थ रहने के लिए शरीर को कुछ-कुछ घंटों में गर्म पेय से खुद को हाइड्रेट करते रहना चाहिए। खाने में तेल, मसाला और नमक का कम इस्तेमाल करना चाहिए।

**अस्थमा की समस्या:** सर्दी के मौसम में अस्थमा की समस्या भी काफी खतरनाक हो जाती है। इस मौसम में ठंड और प्रदूषण का मेल बेहद घातक हो जाता है। ठंड के मौसम में जब प्रदूषण बढ़ जाता है तो सांस लेने में आम लोगों को भी कठिनाई होती है। ऐसे में जो अस्थमा और सांस की समस्या से पीड़ित हैं, उनके लिए तो यह मुश्किल ज्यादा ही होती है। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब अस्थमा का अटैक या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सर्दियों में विशेष रूप से जिन्हें अस्थमा की समस्या है, उन्हें इन्हेलर का उपयोग करते रहना चाहिए। साथ ही ठंडे और प्रदूषित वातावरण से भी बचना चाहिए।

**स्वस्थ रहने के उपाय:** सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार लें, मौसमी फल जैसे अमरूद, संतरा और पपीता का सेवन करें। गाजर, मूली, पालक जैसी हरी सब्जियों का नियमित सेवन करें। साथ ही सूखे मेवे और ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ लें। नियमित रूप से व्यायाम करें। हर मौसम में जितना पानी पीते हैं, इस मौसम में भी उतना पानी पीएं। नियमित रूप से 7 से 8 घंटे नींद लें और सुबह के समय कम से कम 20 से 25 मिनट सूरज की रोशनी में रहें। *

## चर्चा की खोज में तपोवन

कारवां आया मेरे घर तक मगर, बताया गया कि यहीं तक था सफर। अपनी बाउंड्री पर चौके-छक्के मारती हिमाचल की राजनीति के सामने शीतकालीन सत्र की अहमियत सिर्फ कौए की कांव-कांव सरीखी है। यानी सूचनाएं बहुत हैं, लेकिन मुंह पर पट्टी बांधे सवाल मौन हैं। पहले दिन के घटनाक्रम की खोज में तपोवन के बजाय जोरावर सिंह स्टेडियम की ताल पर विपक्ष के आरोप खूब नाचे। यह शक्ति प्रदर्शन था या सरकार के दो साल के सफर का विरोध, कम से कम विपक्ष सदन में तो नहीं था और जो थे, उन्हें प्रश्न काल नहीं मिला। कहां तो शून्य काल को प्रतीक्षारत ध्वनियां आकाशीय अपेक्षाएं कर रही थीं और कहां कट गए प्रश्न इस इंतजार में। सरकार को सदन चलाना था, इसलिए कई महत्त्वाकांक्षी कानूनों में बदलाव की अर्जियां मुकम्मल होती गईं और एक साथ विधेयक पेश हो गए।